Fixed assets other than Premises are stated at cost less accumulated depreciation. Premises are revalued in accordance with the Bank's policy and RBI guidelines and the same are stated at revalued amount less accumulated depreciation.

ii. आस्ति की लागत में क्रय लागत और उपयोग में लाने से पूर्व आस्ति पर उपगत सभी व्यय शामिल होते हैं. उपयोग में लाये जाने पर आस्तियों पर उपगत अनुवर्ती व्यय को तभी पूंजीकृत किया जाता है जब वह ऐसी आस्तियों से भावी लाभ या उनकी कार्यक्षमता बढ़ाता है.

Cost of asset includes purchase cost and all expenditure incurred on the asset before put to use. Subsequent expenditure incurred on assets put to use is capitalized only when it increases the future benefits from such assets or their functioning capability.

iii. पुनर्मूल्यन, यदि कोई हो, पर मूल्यह्रास पुनर्मूल्यन रिज़र्व में शामिल किया जाता है.

The appreciation on revaluation, if any, is credited to Revaluation Reserve.

iv. अचल आस्तियों के संबंध में मूल्यह्रास की गणना लागत या पुनर्मूल्यित आस्तियों के मामले में पुनर्मूल्यित राशि के संदर्भ में सीधी रेखा पद्धति पर की जाती है और उसे लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है.

Depreciation in respect of fixed assets is calculated on Straight Line Method with reference to cost or revalued amounts, in case of assets revalued and the same is charged to Profit and Loss account.

v. पुनर्मूल्यित आस्तियों के संबंध में, पुनर्मूल्यन के फलस्वरूप अतिरिक्त मूल्यह्रास को तुलन पत्र में पुनर्मूल्यन रिज़र्व से सामान्य रिज़र्व में अंतरित किया जाता है.

In respect of revalued assets, the additional depreciation consequent to revaluation is transferred from revaluation reserve to general reserve in the balance sheet.

vi. ₹ 5000 से कम लागत की अलग-अलग अचल आस्तियों को उनके अर्जन के वर्ष में ही पूर्णतः मूल्यह्रासित किया जाता है.

Fixed assets individually costing less than ₹ 5000 are fully depreciated in the year of addition.

vii. मूर्त आस्तियों पर मूल्यह्रास का प्रावधान प्रबंधन द्वारा अनुमानित आस्ति के उपयोगी जीवनकाल के आधार पर किया जाता है. मूल्यह्रास और परिशोधन पद्धति, उपयोगी जीवन और शेष मूल्यों की आवधिक समीक्षा की जाती है. यदि प्रबंधन के अनुमान के अनुसार किसी अचल आस्ति को अर्जित करते समय उस अचल अस्ति के अनुमानित जीवनकाल या बाद में समीक्षा करने पर उसका शेष उपयोगी जीवनकाल कम हो जाता है तो प्रबंधन द्वारा उपयोगी जीवनकाल/शेष उपयोगी जीवनकाल के अनुमान के आधार पर मूल्यह्रास की ऊंची दर लगायी जाती है..

Depreciation on tangible asset is allocated over useful life of the asset as estimated by the management. The useful lives and residual values are reviewed periodically. If the management's estimate of the useful life of a fixed asset at the time of acquisition of the asset or of the remaining useful life on a subsequent review is shorter, depreciation is provided at a higher rate based on management's estimates of the useful life/ remaining useful life.

viii. इन आस्तियों का उपयोगी जीवनकाल कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के भाग सी के अंतर्गत निर्धारित किए अनुसार उपयोगी जीवनकाल से भिन्न होता है. आंतरिक निर्धारण और किए गए तकनीकी मूल्यांकन के आधार पर प्रबंधन विश्वास करता है कि ऊपर दिए गए अनुसार उपयोगी जीवनकाल अवधि को प्रदर्शित करता है, जिसे प्रबंधन इन आस्तियों के प्रयोग हेतु आशा करता है. वर्ष के दौरान अचल आस्तियों के परिवर्धन / बिक्री पर मूल्यह्रास आस्तियों के वास्तव में धारित करने की अविध के लिए लगाया जाता है.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

The useful lives for these assets are different from the useful lives as prescribed under Part C of Schedule II of the Companies Act 2013. Based on internal assessment and technical evaluation carried out, the Management believes that the useful lives as given below best represent the period over which Management expects to use these assets. Depreciation on additions/ sale of fixed assets during the year is provided for the period for which assets were actually held.

ix. प्रबंधन अन्य अचल आस्तियों के लिए उपयोगी जीवनकाल का अनुमान निम्नानुसार लगाता है

The Management estimates the useful lives for the other fixed assets as follows:

आस्ति / Asset	अनुमानित उपयोगी जीवनकाल (वर्ष में) / Estimated Useful Life (in Years)
परिसर / Premises	61.35
फर्नीचर एवं फिक्सचर्स / Furniture and fixtures	12
बिजली संस्थापना एवं मशीनरी /Electrical installation and machinery	12
मोटर वाहन /Motor vehicles	5
कंप्यूटर (आंतरिक सॉफ्टवेयर सहित) / Computers (including integral software)	3
स्वचालित टेलर मशीन / Automated Teller Machines	8
वीसैट उपकरण / VSAT equipment	10
कर्मचारियों के पास टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुएं / Consumer durables with employees	5

x. पट्टाधृत भूमि को पट्टे की अवधि में परिशोधित किया जाता है.

Leasehold land is amortized over the period of lease.

xi. ₹ 2.50 लाख से अधिक राशि वाले कंप्यूटर सॉफ्टवेयर (नॉन-इंटिग्रल) को पूंजीकृत किया जाता है और इसे इसके उपयोगी जीवनकाल में मूल्यह्रासित किया जाता है जिसकी अवधि अधिकतम 5 वर्ष होती है.

Computer Software (non-integral) individually costing more than ₹ 2.50 Lacs is capitalised and depreciated over its useful life, not exceeding 5 years.

आ. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लिमिटेड के मामले में,

B. In case of IDBI Assets Management Ltd.

i. अचल आस्तियों को संचित मूल्यह्रास और ह्रास को घटाकर अर्जन लागत पर दर्शाया जाता है. लागत मूल्य में आस्तियों के अर्जन एवं संस्थापन से संबंधित मालभाड़ा, शुल्क, कर और प्रासंगिक व्यय शामिल होते हैं. प्रयोग में लाई जा रही आस्तियों पर उपगत अनुवर्ती व्यय को तभी पूंजीकृत किया जाता है जब इन आस्तियों से भविष्य में लाभ/ कार्य निष्पादन क्षमता में वृद्धि की संभावना हो. मौजूदा अचल आस्तियों की मरम्मत एवं रखरखाव और कलपुर्ज़ों के बदलाव की लागत सहित कुल खर्च को जिस अवधि में वे उपगत होते हैं उस अवधि में राजस्व के रूप में प्रभारित किया जाता है.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

Fixed assets are carried at cost of acquisition less accumulated depreciation and impairment. Cost includes freight, duties, taxes, and incidental expenses related to the acquisition and installation of the assets. Subsequent expenditure incurred on assets put to use is capitalized only when it increases the future benefit/functioning capability from/of such assets. All expenses on existing fixed assets, including repairs and maintenance and cost of replacement of parts are charged as revenue in the period in which they are incurred.

ii. मूल्यह्रास का प्रावधान कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची II में निर्धारित रूप में सीधी रेखा पद्धति (एसएलएम) द्वारा किया जाता है. आस्तियों के मूल्यह्रास की दरें कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची II के अनुसार आस्ति के उपयोगी जीवनकाल को विचार में लेने के बाद तय की गई हैं. प्रबंधन के अनुमान के अनुसार यदि आस्तियों के अर्जन के समय अचल आस्तियों का उपयोगी जीवनकाल या इसके बाद की जाने वाली समीक्षा के आधार पर शेष उपयोगी जीवनकाल कम है तो मूल्यह्रास का निर्धारण उपयोगी जीवनकाल/ शेष जीवनकाल पर प्रबंधन के अनुमान के आधार पर ऊँची दर पर किया जाता है. इस नीति के अनुसरण में निम्नलिखित दरों के अनुसार मूल्यह्रास का प्रावधान किया गया:

Depreciation is provided on Straight Line Method (SLM) as prescribed in Schedule II to the Companies Act, 2013. The rates of depreciation of assets have been arrived at after considering the useful life of the asset as per schedule II of the Companies Act 2013. If the management's estimate of the useful life of a fixed asset, at the time of acquisition of the asset or of the remaining useful life on a subsequent review is shorter, depreciation is provided at a higher rate based on management's estimates of the useful life/remaining useful life. Pursuant to this policy, depreciation has been provided using the following rates:

अचल आस्तियों की श्रेणी / Class of Fixed Assets	मूल्यह्रास की दर (% में) - एसएलएम आधार पर (1 अप्रैल 2015 से लागू) Rate of Depreciation (In%)- SLM basis (applicable from April 01, 2015)
फर्नीचर एवं फिक्सचर्स / Furniture & Fixtures	9.50
कार्यालय उपकरण / Office Equipment	19.00
आईटी हार्डवेयर /IT Hardware	33.33
कर्मचारियों के पास टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुएं / Consumer durables with Employees	33.33

iii. एकल रूप से ₹ 2.50 लाख से अधिक की लागत वाले कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर को 5 वर्ष की अवधि के दौरान पूंजीकृत तथा मूल्यह्रासित किया जाता है, एकल रूप से ₹ 2.50 लाख से कम की लागत वाले कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर को क्रय / अर्जन के वर्ष में पूर्णतः मूल्यह्रासित किया जाता है.

Computer software individually costing more than ₹ 2.50 lakhs is capitalized and depreciated over a period of 5 years, Computer software individually costing less than ₹ 2.50 lakhs is fully depreciated in the year of purchase/acquisition.

iv. कंपनी आस्ति के उपयोग में लाये जाने की तारीख से तथा बेची गई किसी आस्ति के लिए उसकी बिक्री तारीख तक आनुपातिक आधार पर मूल्यह्रास का प्रावधान करती है.

The Company provides pro-rata depreciation from the date the asset is put to use and for any asset sold until the date of sale.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

v. एकल रूप से ₹ 5000 या उससे कम की लागत वाली अचल आस्तियों को क्रय/ अर्जन के वर्ष में पूर्णतः मूल्यह्रासित किया जाता है.

Fixed assets, other than software, individually costing ₹ 5,000 or less are fully depreciated in the year of purchase / acquisition.

इ. आईडीबीआई इंटेक लि. के मामले में, अचल आस्तियों को उनकी अर्जन लागत और उनके आशयित उपयोग के लिए कार्य करने लायक स्थिति में लाने की लागत पर संचित मूल्यह्रास घटाकर दर्शाया गया है. बेचे गए सॉफ्टवेयरों, जिन पर स्वामित्व अधिकार कंपनी के पास है, को लागत पर पूंजीकृत किया गया है. 31 मार्च 2015 तक अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास का प्रावधान अवलिखित मूल्य पद्धति पर किया जा रहा था. कंपनी अब कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के अनुपालन में 1 अप्रैल 2015 से सीधी रेखा पद्धति के माध्यम से इस प्रकार मूल्यह्रास करती है कि आस्तियों का उनके उपयोगी जीवनकाल के दौरान मूल्यह्रास हो जाता है. मूल्यह्रास प्रक्रिया में बदलाव के वित्तीय प्रभाव के परिणामस्वरूप ₹ 39.79 लाख के मूल्यह्रास का पुनरांकन किया गया है. वे कम्प्यूटर जिनमें 60 प्रतिशत की दर से मूल्यह्रास हुआ है अब उनमें अनुसूची II के प्रावधानों के अनुसार मूल्यह्रास किया जा रहा है. अचल आस्तियों के परिवर्धन / से घटाव पर मूल्यह्रास ऐसे परिवर्धन/घटाव, जो भी मामला हो, की तारीख से/तक आनुपातिक आधार पर किया जाता है. एएस 26 के अनुसरण में अमूर्त आस्तियों (कंप्यूटर सॉफ्टवेयर) को पाँच वर्ष की अवधि के दौरान समान रूप से परिशोधित किया जाता है.

C. In case of IDBI Intech Ltd, Fixed assets are stated at cost of acquisition, including any cost attributable for bringing the asset to its working condition for its intended use, less accumulated depreciation. The Softwares sold, on which propriety rights continue with the company, are capitalized at cost. Depreciation on fixed assets was being provided as per WDV method up to 31st March, 2015. The company now provides Depreciation as per Straight Line Method w. e. f. 1st April 2015, in compliance with Schedule II to the Companies Act, 2013, such that the assets are depreciated over their useful life. Financial impact of change in the depreciation method resulted in to writing back of depreciation of ₹ 39.79 lacs. Computers which were depreciated at the rate of 60 per cent are now being depreciated as per provisions of Schedule II. Depreciation on additions to/ deletions from fixed assets is provided on pro rata basis from / up to the date of such addition/deletion as the case may be. Intangible Assets (Computer Software) are amortised equally over a period of five years in compliance with AS 26.

ई. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लि. के मामले में,

D. In case of IDBI Trusteeship Services Ltd,

i. अचल आस्तियों को अर्जन की मूल लागत तथा उनके अर्जन के संबंध में उपगत संस्थापना प्रभार पर दर्शाया जाता है. लागत में खरीद मूल्य और आस्तियों को उनके आशयित उपयोग के लिए कार्य करने लायक स्थिति में लाने से संबंधित लागत शामिल है. कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के अंतर्गत निर्धारित किए गए अनुसार मूल्यह्रास निर्धारित दर पर अवलिखित आधार पर प्रभारित किया जाता है. आस्ति के परिवर्धन पर मूल्यह्रास का प्रावधान ऐसे परिवर्धन की तारीख से और निपटान के लिए ऐसे निपटानों की तारीख तक किया जाता है. कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II की अपेक्षा के अनुसार कम लागत वाली अलग-अलग आस्तियों (₹ 5000 से कम राशि में अर्जित) को उनके अर्जन के वर्ष में मूल्यह्रासित किया जाता है.

Fixed assets are stated at original cost of acquisition plus installation charges incurred in connection with the acquisition. Cost comprises of purchase price and attributable cost of bringing the assets to its working condition for its intended use. The depreciation is charged on Written down Value basis as prescribed under of schedule II of the Companies Act 2013. The depreciation on the addition of the asset is provided from the date of such addition and for disposals up to the date of such disposals. Individual low cost assets (acquired

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

for less than ₹ 5,000/-) are depreciated in the year of acquisition as per the requirement of schedule II of the Companies Act 2013.

ii. अमूर्त आस्तियों को संचित परिशोधन घटाकर अर्जन की लागत पर दर्शाया जाता है. अमूर्त आस्तियों का परिशोधन आस्ति के अनुमानित उपयोगी जीवनकाल के आधार पर अवलिखित मूल्य पद्धति पर किया जाता है.

Intangible Assets are stated at cost of acquisition less accumulated amortization. Amortization of intangible assets is provided on Written Down Value method on the basis of estimated useful life of the asset.

उ. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लि. के मामले में मूर्त आस्तियों-अचल आस्तियों का मूल्यांकन संचित मूल्यह्रास तथा हानि को घटाकर मूल लागत पर किया जाता है. अचल आस्तियों को कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II में यथा विनिर्दिष्ट उनके अनुमानित उपयोगी जीवनकाल के आधार पर सीधी रेखा पद्धति का प्रयोग करते हुए परिशोधित किया जाता है. सक्रिय रूप से उपयोग में न रही आस्तियों को पूर्णतः मूल्यह्रासित कर दिया जाता है. अर्जन के वर्ष में ₹ 5000 से कम मूल्य की एकल आस्तियों तथा सक्रिय रूप से उपयोग में न रही आस्तियों को पूर्णतः मूल्यह्रासित कर दिया जाता है. अमूर्त आस्तियों का निर्धारण सीधी रेखा पद्धति पर अर्जन / विकास लागत पर किया जाता है तथा सीधी रेखा पद्धति आधार पर उनके आकलित आर्थिक जीवनकाल के दौरान परिशोधित किया जाता है.

E. In case of IDBI Capital Market Services Ltd, Tangible Assets Fixed Assets are valued at original cost less accumulated depreciation and impairment losses. Fixed Assets are amortised over their estimated useful life as specified in Schedule II to the Companies Act, 2013 on a straight-line method. Assets retired from active use are fully depreciated.Assets having individual value of less than ₹ 5,000, in the year of acquisition and assets retired from active use are fully depreciated. Intangible assets are measured at cost of acquisition/development and amortised over their estimated economic life on a straight-line method.

कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर - 3 वर्ष

Computer Software – 3 years.

वेब ट्रेडिंग पोर्टल - 3 वर्ष

Web Trading Portal – 3 years.

स्टॉक एक्सचेंज सदस्यता कार्ड - 4.75% प्रति वर्ष पर.

Stock Exchange Membership Card - at 4.75% p.a.

प्रबंधन बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ट्रेडिंग राइट्स के आर्थिक मूल्य का अनुमान उसके उपयोग मूल्य के आधार पर लगाता है. कंपनी इसका परिशोधन 21 वर्षों में करती है, बशर्ते ऐसा कोई साक्ष्य न हो कि इसका उपयोगी जीवनकाल कम है.

Management estimates the economic value of Bombay Stock Exchange Trading Rights based on the value in use. The company amortises it over 21 years unless there is evidence that its useful life is shorter.

ऊ. जीवन बीमा संयुक्त उद्यम - आईडीबीआई फ़ेडरल लाइफ इंश्योरेस कंपनी लि. के मामले में,

F. In case of Life Insurance Joint Venture-IDBI Federal Life Insurance Company Ltd,

i. अचल आस्तियों को संचित मूल्यह्रास घटाकर लागत पर दर्शाया जाता है. लागत में खरीद मूल्य और उस आस्ति को उसके उपयोग के लिए कार्य करने लायक स्थिति में लाने के लिए प्रत्यक्ष रूप से उपगत कोई भी लागत शामिल हैं. प्रबंधन द्वारा अनुमानित या निर्धारित रूप में आस्ति की प्रत्येक श्रेणी के न्यूनतम उपयोगी जीवनकाल के आधार पर अर्जन की तारीख से / बिक्री की तारीख तक आनुपातिक रूप में सीधी रेखा पद्धति का प्रयोग करते हुए मूल्यह्रास का प्रावधान किया जाता है, जो नीचे दर्शाया गया है :

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

Fixed assets are stated at cost less accumulated depreciation. Cost includes the purchase price and any cost directly attributable to bringing the asset to its working condition for its intended use. The Depreciation is provided using Straight Line Method ('SLM') prorated from the date of acquisition/up to the date of sale, based on lower of useful life for each class of asset as estimated by the management or as prescribed, which is stated below:

आस्ति / Asset	उपयोगी जीवनकाल (वर्ष में) / Useful Life (in Years)
पट्टाधृत उन्नयन / Leasehold improvements	3
संचार नेटवर्क और सर्वर / Communication networks and servers	6
कंप्यूटर तथा पेरिफेरल उपकरण / Computers and peripheral equipments	3
कार्यालय उपकरण / Office equipment	5
फर्नीचर एवं फिक्सचर / Furniture & fixtures	10
मोटर वाहन / Motor Vehicles	8

ii. सॉफ्टवेयर युक्त अमूर्त आस्तियों को परिशोधन घटाकर लागत पर दर्शाया जाता है. इन्हें इनके उपयोग की तारीख से 3 वर्ष की अवधि में सीधी रेखा पद्धति का प्रयोग करते हुए परिशोधित किया जाता है. सॉफ्टवेयर में महत्वपूर्ण उन्नयनों को तब पूंजीकृत किया जाता है जब यह संभावित होता है कि इस प्रकार का उन्नयन आस्ति को उसके मूल रूप से निर्धारित मानकों से अधिक भावी आर्थिक लाभ उत्पन्न करने में समर्थ बनाएगी और इस प्रकार का व्यय विश्वसनीय ढंग से आंका और आस्ति पर जोड़ा जा सकता है. अनुवर्ती व्ययों का परिशोधन सॉफ्टवेयर के शेष उपयोगी जीवनकाल के दौरान किया जाता है. सॉफ्टवेयर के सपोर्ट तथा रख-रखाव के व्ययों को उस अवधि के राजस्व खाते में प्रभारित किया जाता है जिसमें वे उपगत होते हैं.

Intangible assets comprising software are stated at cost less amortization. These are amortized using Straight Line Method over a period of 3 years from the date of being put to use. Significant improvements to software are capitalized when it is probable that such improvement will enable the asset to generate future economic benefits in excess of its originally assessed standards of performance and such expenditure can be measured and attributed to the asset reliably. Subsequent expenditures are amortized over the remaining useful life of the software. The expenses for support and maintenance of software are charged to Revenue Account in the period in which they are incurred.

9. प्रतिभूतिकरण लेन-देन:

Securitization Transactions:

विभिन्न ऋणों के प्रतिभूतिकरण से इन आस्तियों की विशेष प्रयोजन वाली संस्थाओं ('एसपीवी') को बिक्री की जाती है, जो इसके बदले निवेशकों को प्रतिभूतियां जारी करती हैं. प्रतिभूतिकृत आस्तियों वाले अनुबंधित अधिकारों पर जब नियंत्रण नहीं रहता है तो ऐसी वित्तीय आस्तियों को आंशिक अथवा पूर्णतः अमान्य कर दिया जाता है. बैंक खातों को बिक्री के समय ही होने वाली किसी भी हानि के लिए और बिक्री से होने वाले लाभ/प्रीमियम को एसपीवी द्वारा, जिन्हें आस्तियां बेची गयी हैं, जारी की गयी या जारी की जाने वाली प्रतिभूतियों के जीवन काल में परिशोधित किया जाता है.

Securitization of various loans results in sale of these assets to Special Purpose Vehicles ('SPVs'), which, in turn issue securities to investors. Financial assets are partially or wholly derecognized when the control of the contractual rights

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

in the securitized assets is lost. The Bank accounts for any loss arising on sale immediately at the time of sale and the profit/ premium arising on account of sale is amortized over the life of the securities issued or to be issued by the SPV to which the assets are sold.

10. प्रतिभूतिकरण कंपनियों/पुनर्संरचना कंपनियों को वित्तीय आस्तियों की बिक्री

Sale of financial assets to Securitization Companies/Reconstruction Companies:

प्रतिभूतिकरण कंपनियों (एससी)/पुनर्संरचना कंपनियों (आरसी) को वित्तीय आस्तियों की बिक्री की गणना प्राप्त प्रतिभूति रसीदों (एसआर)/ पास थ्रू प्रमाणपत्र (पीटीसी) के कमतर शोधन मूल्य तथा वित्तीय आस्ति के निवल बही मूल्य के आधार पर की जाती है.

Sale of financial assets to Securitization Companies (SCs)/ Reconstruction Companies (RCs) is reckoned at the lower of the redemption value of Security Receipts (SRs)/ Pass through Certificates (PTCs) received and the net book value of the financial asset.

अनर्जक अग्रिमों के विक्रय पर भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार यदि विक्रय निवल बही मूल्य से कम मूल्य (अर्थात बही मूल्य में से धारित प्रावधानों को घटाकर) पर किया गया हो तो कमी को लाभ-हानि के विवरण में प्रभारित किया जाता है. यदि विक्रय निवल बही मूल्य से अधिक मूल्य पर किया गया हो तो अतिरिक्त प्रावधान का प्रतिवर्तन नहीं किया जाता है बल्कि उसका उपयोग अन्य अनर्जक अग्रिमों के विक्रय के कारण हुई कमी/हानि को पूरा करने में किया जाता है. भारतीय रिज़र्व बैंक ने 26 फरवरी 2014 को अनर्जक अग्रिमों के विक्रय के संबंध में नए दिशानिर्देश जारी किए हैं. इन दिशानिर्देशों के अनुसार यदि अनर्जक अग्रिमों का विक्रय निवल बही मूल्य से कम में किया जाता है तो कमी को दो वर्ष की अवधि के दौरान लाभ-हानि विवरण में प्रभारित किया जाता है. यदि विक्रय निवल बही मूल्य से अधिक मूल्य पर किया जाता है तो अतिरिक्त प्रावधान को राशि प्राप्त होने के वर्ष की लाभ-हानि विवरण में जमा कर दिया जाता है.

In accordance with RBI guidelines on sale of non-performing advances, if the sale is at a price below the net book value (i.e. book value less provisions held), the shortfall is charged to the Statement of Profit and Loss. If the sale is for a value higher than the net book value, the excess provision is not reversed but is utilised to meet the shortfall / loss on account of sale of other non-performing advances. The RBI issued new guidelines on sale of non-performing advances on February 26, 2014. In accordance with these guidelines, if the sale of non-performing advances is at a price below the net book value, the shortfall is charged to the Statement of Profit and Loss spread over a period of two years. If the sale is for a value higher than the net book value, the excess provision is credited to the Statement of Profit and Loss in the year the amounts are received.

11. विदेशी मुद्रा लेन-देन

Foreign Currency Transactions:

अ. आईडीबीआई बैंक लि. के मामले में,

A. In case of IDBI Bank Ltd,

i. विदेशी मुद्रा लेन-देन को आरंभिक अभिनिर्धारण होने पर लेन-देन की तारीख के प्रचलित विनिमय दर पर दर्ज किया जाता है. मौद्रिक विदेशी मुद्रा आस्तियों और देयताओं को भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापार संघ (फेडाई) द्वारा निर्धारित बंद दरों पर रूपांतरित किया जाता है और इसके फलस्वरूप होने वाले लाभ या हानि को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है. मौद्रिक मदों के निपटान से उत्पन्न होने वाले विनिमय अंतरों को उस अवधि की आय या व्यय के रूप में माना जाता है जिसमें वे उत्पन्न होते हैं.

Foreign currency transactions, on initial recognition are recorded at the exchange rate prevailing on the date of transaction. Monetary foreign currency assets and liabilities are translated at the closing rates prescribed by Foreign Exchange Dealers Association of India (FEDAI) and the resultant gain or loss is recognized in the

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

profit and loss account. Exchange differences arising on the settlement of monetary items are recognized as income or expense in the period in which they arise.

ii. ऐसी वायदा विनिमय संविदाओं, जो व्यापार के लिए नहीं की गई हैं, के शुरुआत में प्राप्त प्रीमियम या बट्टे को संविदा के जीवनकाल में व्यय या आय के रूप में परिशोधित किया जाता है. अन्य वायदा विनिमय संविदाओं पर प्रीमियम या छूट को हिसाब में नहीं लिया जाता है.

Premium or discount arising at the inception of Forward Exchange Contracts which are not intended for trading is amortized as expense or income over the life of the contract. Premium or discount on other Forward Exchange Contracts is not recognized.

iii. ऐसी बकाया वायदा विनिमय संविदाओं, जो व्यापार के लिए नहीं हैं, का अंतिम फेडाई दरों पर पुनर्मूल्यन किया जाता है. अन्य बकाया वायदा विनिमय संविदाओं का पुनर्मूल्यन फेडाई द्वारा विर्निदिष्ट परिपक्वताओं के लिए अधिसूचित विनिमय दरों या बीच की परिपक्वताओं की अंतर्वेशित दरों पर किया जाता है. इससे होने वाले लाभ/हानि को लाभ-हानि लेखे में शामिल किया जाता है.

Outstanding Forward Exchange Contracts which are not intended for trading are revalued at closing FEDAI rates. Other outstanding Forward Exchange Contracts are revalued at rates of exchange notified by FEDAI for specified maturities or at interpolated rates for in-between maturities. The resultant profit/ losses are included in the profit and loss account.

iv. वायदा विनिमय संविदाओं की परिपक्वता पूर्व समाप्ति से होने वाले लाभ/हानियों, साथ ही अपरिशोधित प्रीमियम या छूट, यदि कोई हो, को समाप्ति की तारीख पर हिसाब में लिया जाता है.

Profit/ losses arising on premature termination of Forward Exchange Contracts, together with unamortized premium or discount, if any, is recognized on the date of termination.

v. बकाया वायदा विनिमय संविदाओं के संबंध में आकस्मिक देयता की गणना विनिमय की अनुबंधित दरों पर की जाती है और गारंटियों, स्वीकृतियों, पृष्ठांकनों एवं अन्य दायित्वों की गणना फेडाई की अंतिम दरों पर की जाती है.

Contingent liability in respect of outstanding forward exchange contracts is calculated at the contracted rates of exchange and in respect of guarantees, acceptances, endorsements and other obligations are calculated at the closing FEDAI rates.

vi. विदेशी शाखा के परिचालनों को एकीकृत विदेशी परिचालनों में वर्गीकृत किया जाता है. आस्तियों व देयताओं को भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापार संघ (फेडाई) द्वारा निर्धारित औसत तिमाही बंद दरों पर रूपांतरित किया जाता है. इसके फलस्वरूप होने वाले लाभ या हानि को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है.

Operations of foreign branch are classified as 'Integral Foreign Operations'. Assets and Liabilities are translated at the closing rates prescribed by Foreign Exchange Dealers Association of India (FEDAI) Income and Expenditure items are translated at quarterly average closing rates. The resultant gain or loss is recognized in the Profit and Loss Account.

आ. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि. के मामले में विदेशी मुद्रा लेन-देन को लेन-देन की तारीख को प्रचलित विनिमय दर पर दर्ज किया जाता है. वर्ष के दौरान निपटान किए गए विदेशी मुद्रा लेन-देन के कारण होने वाले विनिमय अंतर, यदि कोई हो, को लाभ-हानि विवरण में दर्शाया जाता है.

B. In case of IDBI Assets Management Ltd, Foreign currency transactions are recorded at the rates of exchange prevailing on the date of the transactions. Exchange difference, if any, arising out of the foreign exchange transactions settled during the year are recognized in the statement of Profit and Loss.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

इ. जीवन बीमा संयुक्त उद्यम-आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि., विदेशी मुद्राओं में लेन-देन को लेन-देन की तारीख को प्रचलित विनिमय दर पर दर्ज किया किया जाता है. विदेशी मुद्रा में मौद्रिक आस्तियों और देयताओं, यदि कोई हों, का रूपांतरण वर्ष के अंत में समाप्त दर पर किया जाता है. निपटान/रूपांतरण पर होने वाले परिणामी विनिमय लाभ या हानि को राजस्व या लाभ-हानि लेखे, जैसा लागू हो, में दर्शाया जाता है.

C. Life Insurance Joint Venture-IDBI Federal Life Insurance Company Ltd, Transactions in foreign currencies are recorded at the exchange rates prevailing at the date of the transaction. Monetary assets and liabilities in foreign currency, if any, are translated at the year-end closing rates. The resultant exchange gain or loss arising on settlement/translation is recognized in the Revenue or Profit and Loss Account as applicable.

ई. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लि. के मामले में, विदेशी मुद्रा लेन-देन को लेन-देन की तारीख को प्रचलित विनिमय दर पर दर्ज किया जाता है. वर्ष के अंत में, विदेशी मुद्रा में मूल्यवर्गित मौद्रिक मदों की रिपोर्टिंग अंतिम विनिमय दर का प्रयोग करते हुए की जाती है. उन पर उत्पन्न होने वाले तथा विदेशी मुद्रा वसूली/भुगतान पर होने वाले विनिमय अंतर को सम्बद्ध वर्ष के दौरान आय या व्यय के हिसाब में लिया जाता है.

D. In case of IDBI Capital Market Services Ltd, Foreign currency transactions are recorded at the rates of exchange prevailing on the date of the transaction. At the year end, monetary items denominated in foreign currency are reported using the closing rate of exchange. Exchange difference arising thereon and on realization / payments of foreign exchange are accounted as income or expenses in the relevant year.

उ. आईडीबीआई इंटेक लि. के मामले में, विदेशी मुद्रा में मूल्यवर्गित लेन-देनों को लेन-देन की तारीख को प्रचलित विनिमय दर पर दर्ज किया जाता है. विदेशी मौद्रिक आस्तियों और देयताओं को तुलन पत्र की तारीख को प्रचलित दर पर रूपांतरित किया जाता है. रूपांतरण के फलस्वरूप होनेवाले विनिमय दर अंतर को वर्ष के लिए लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है.

E. In case of IDBI Intech Ltd, Transactions denominated in foreign currency are recorded at the exchange rate prevailing on the date of transactions. Foreign monetary assets and liabilities are translated at the rate prevailing as on the date of balance sheet. The resulting exchange rate difference in translation are recognised in the Profit and Loss account for the year.

ऊ. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लि. के मामले में विदेशी मुद्रा में लेन-देन को लेन-देन की तारीख को प्रचलित विनिमय दर पर बहियों में दर्ज किया जाता है. विदेशी मुद्रा आस्तियों और देयताओं में मूल्यवर्गित सभी मौद्रिक मदों को वर्ष के अंत में प्रचलित विनिमय दर पर पुनः दर्शाया जाता है. निपटान या लेन-देन पर विनिमय अंतर के कारण आय या व्यय को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है.

F. In case of IDBI Trusteeship Services Ltd, Transactions in foreign currencies are recorded in the books by applying the exchange rates prevailing on the date of the transaction. All monetary items denominated in foreign currency assets and liabilities are restated at the exchange rate prevailing at the year end. Any income or expense on account of the exchange difference either on settlement or on transaction is recognized in the profit & loss account.

12. कर्मचारी लाभ

Employee Benefits:

अ. आईडीबीआई बैंक लि. के मामले में,

A. In case of IDBI Bank Ltd,

i. अंशदान के देय होने पर निर्दिष्ट अंशदान योजनाओं में किए गए भुगतान को वर्ष के लाभ-हानि खाते में प्रभारित किया जाता है.

Payments to defined contribution schemes are charged to Profit and Loss Account of the year when contribution are due.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

ii. निर्दिष्ट लाभ योजनाओं के लिए, लाभ प्रदान करने की लागत का निर्धारण पूर्वलक्षित इकाई ऋण पद्धति का प्रयोग कर किया जाता है तथा बीमांकिक मूल्यांकन प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को किया जाता है. बीमांकिक लाभ या हानि को उस अवधि के लाभ-हानि लेखे में दिखाया जाता है जिसमें लाभ या हानि होती है.

For defined benefit schemes, the cost of providing benefits is determined using the Projected Unit Credit Method, with actuarial valuations being carried out at each Balance Sheet date. Actuarial gains or losses are recognized in the profit and loss account for the period in which they occur.

iii. कर्मचारी द्वारा प्रदत्त सेवाओं के बदले अदा किये जाने वाले अल्पकालिक कर्मचारी लाभों की अबट्टाकृत राशि को उस अवधि के दौरान हिसाब में लिया जाता है जब कर्मचारी सेवा प्रदान करता है.

The undiscounted amount of short-term employee benefits expected to be paid in exchange for the services rendered by employees is recognized during the period when the employee renders the service.

आ. आईडीबीआई इंटेक लि. के मामले में, भविष्य निधि और ईएसआईसी में अंशदान का हिसाब उपचय के आधार पर रखा जाता है. कंपनी ने उपदान और छुट्टी नकादीकरण के भावी भुगतान के लिए एक न्यास का निर्माण किया है जिसका निधीकरण भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के साथ किया जाता है. वार्षिक उपदान अंशदान भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा भुगतान के प्रयोजन के लिए निर्धारण अनुसार किया जाता है. प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर उपदान संबंधी देयताओं का निर्धारण बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर किया जाता है. इस प्रकार की बीमांकिक रूप से निर्धारित देयता और निधि में किए गए अंशदान के बीच के अंतर को देयता/ आस्ति, जो भी मामला हो, के रूप में दर्शाया जाता है.

B. In case of IDBI Intech Ltd, Contribution to Provident Fund & ESIC is accounted on accrual Basis. The Company has created a trust for future payment of Gratuities & Leave Encashment, which is funded with Life Insurance Corporation of India (LIC). Annual Gratuity contributions are made as determined by LIC for purposes of payment. The liability for gratuity at the end of each financial year is determined based on actuarial valuation. The difference between such actuarially determined liability and contributions made to the fund is recognized as a liability / asset, as the case may be.

इ. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लिमिटेड के मामले में,

C. In case of IDBI Trusteeship Services Ltd,

नियोजन की शर्तों के अनुसार देय वर्तमान एवं भूतपूर्व सेवाओं के लिए कर्मचारी लाभ, अल्पावधि एवं दीर्घावधि दोनों, के लिए देयता भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी लेखांकन मानक - 15 (संशोधित 2005) ''कर्मचारी लाभ'' के अनुसार दर्ज की जाती है.

Liability for employee benefits, both short and long term, for present and past services which are due as per the terms of employment are recorded in accordance with Accounting Standard – 15 (Revised 2005) "Employee Benefits" issued by the "Institute of Chartered Accountants of India (ICAI)".

निर्धारित अंशदान योजनाएं

Defined Contribution Schemes

क) **भविष्य निधि**

a) **Provident Fund**

कंपनी कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 के उपबंधों और उसके अंतर्गत बनाई गई योजनाओं के अधीन पंजीकृत है. तदनुसार, कंपनी सरकारी प्राधिकरणों के लिए अधिनियम के अंतर्गत स्थापित निधियों/ योजनाओं में कर्मचारियों द्वारा

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

किए जा रहे न्यूनतम अंशदान के बराबर अंशदान कर रही है. पात्र कर्मचारियों को सरकारी प्राधिकरणों से लाभ मिलता है. वर्ष के लिए देय अंशदान को लाभ और हानि खाते में प्रभारित किया जाता है.

The Company is registered under the provisions of Employee's Provident Funds and Miscellaneous Provisions Act, 1952 and schemes framed there under. Accordingly, the Company is contributing, in equal share of minimum contribution as those of employees, to the funds/ schemes established under the Act to Government Authorities. The eligible employees receive benefits from Government Authorities. The contribution due for the year is charged to profit and loss account.

ख) उपदान

b) **Gratuity**

कंपनी रिपोर्टिंग की तारीख यथा 31 मार्च 2016 तक बीमांकिक मूल्यांकन पर आधारित ''द ट्रस्टीज़ आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लि. एम्प्लॉईज ग्रुप ग्रैच्युटी स्कीम'' नाम से उपदान प्रदान करती है. कंपनी को वार्षिक प्रीमियम अंशदान का भुगतान करना होता है. वर्ष के लिए इस प्रकार प्रदत्त/ भुगतान-योग्य प्रीमियम को लाभ और हानि खाते में दर्शाया जाता है.

The Company provides for gratuity, known as "The Trustees IDBI Trusteeship Services Ltd Employee's Group Gratuity Scheme" based on actuarial valuation as on reporting date 31st March, 2016. The Company is required to pay annual premium contributions. The premium so paid / payable for the year is recognised in profit and loss account.

ग) छुट्टी नकदीकरण

c) **Leave Encashment**

वार्षिक छुट्टी नकदीकरण की गणना भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखांकन मानक - 15 (संशोधित 2005) ''कर्मचारी लाभ'' के अनुसार बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर की जाती है.

Annual Leave encashment is accounted on Actuarial valuation as per Accounting Standard – 15 (Revised 2005) "Employee Benefits" issued by the ICAI.

ई. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि. के मामले में,

D. In case of IDBI Asset Management Ltd,

क) उपदान:

a) **Gratuity:**

उपदान देयता एक निर्धारित लाभ दायित्व है और इसका निधियन उपदान निधि के माध्यम से किया जाता है जिसका प्रशासन एवं प्रबंधन भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा किया जाता है. कंपनी, बीमांकिक मूल्यांकन पर आधारित भावी उपदान लाभ हेतु देयता की गणना पूर्वानुमानित यूनिट जमा पद्धति के प्रयोग द्वारा प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में करती है.

Gratuity liability is a defined benefit obligation and is funded through a Gratuity Fund administered and managed by the Life Insurance Corporation of India. The Company accounts for liability for future gratuity benefits based on the actuarial valuation using Projected Unit Credit Method carried out as at the end of each financial year.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

ख) भविष्य निधि:

b) **Provident fund:**

कंपनी मान्यताप्राप्त भविष्य निधि में अंशदान करती है. अंशदान की गणना उपचय आधार पर की जाती है और इसे लाभ-हानि विवरण में व्यय के रूप में दर्शाया जाता है.

The Company contributes to a recognized provident fund. The contributions are accounted for on an accrual basis and are recognized as an expense in the statement of profit and loss.

ग) अल्पावधि कर्मचारी लाभ:

c) **Short term employee benefits:**

अल्पावधि कर्मचारी लाभ को सेवा प्रदान किए जाने वाले वर्ष के लाभ-हानि खाते के विवरण में व्यय के रूप में दर्शाया जाता है.

Short term employee benefits are recognized as an expense in the statement of profit & loss account of the year in which the services are rendered.

घ) प्रतिपूरित अनुपस्थिति:

d) **Compensated absences:**

कंपनी कुछ नियमों के अधीन विशेष छुट्टी नकदीकरण की व्यवस्था प्रदान करती है. कर्मचारियों को भावी नकदीकरण और छुट्टी लेने के लिए एक निर्धारित सीमा तक छुट्टी संचय करने का अधिकार है. इस देयता के लिए प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में किए जाने वाले स्वतंत्र बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर प्रत्येक तुलन पत्र तारीख में अप्रयुक्त छुट्टी के दिनों की संख्या के आधार पर प्रावधान किया जाता है.

The company provides for Privilege Leave Encashment subject to certain rules. The employees are entitled to accumulate leave subject to certain limits for future encashment as well as availment. The liability is provided based on the number of days of unutilized leave at each balance sheet date on the basis of an independent actuarial valuation carried out as at the end of each financial year.

उ. जीवन बीमा संयुक्त उद्यम - आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि.

E. Life Insurance Joint Venture-IDBI Federal Life Insurance Company Ltd,

i. उपदान के प्रति देयता को निर्धारित लाभ योजना के रूप में माना जाता है और इसे तुलन पत्र तारीख को ''पूर्वानुमानित यूनिट जमा पद्धति'' पर स्वतंत्र बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर दर्शाया जाता है.

Liability towards Gratuity is considered as the defined benefit plan and is recognized on the basis of independent actuarial valuation on "Projected Unit Credit Method" at Balance Sheet date.

ii. नकदीकरण योग्य अर्जित छुट्टी को दीर्घावधि लाभ के रूप में माना जाता है और इसे तुलन पत्र तारीख को ''पूर्वानुमानित यूनिट जमा पद्धति'' पर स्वतंत्र बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर प्रावधान किया जाता है.

Earned Leave which is encashable is considered as long term benefit and is provided on the basis of independent actuarial valuation on "Project Unit Credit Method" at Balance Sheet date.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

iii. सांविधिक भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, समूह मीयादी बीमा और कर्मचारी श्रम कल्याण निधि में अंशदान के रूप में लाभ को निर्धारित अंशदान योजना के रूप में माना जाता है और इसे कर्मचारियों द्वारा सेवा प्रदान किए जाने की अवधि के लिए प्रदत्त अथवा भुगतान-योग्य राशि के आधार पर दर्शाया जाता है.

The benefit in the form of contribution to the Statutory Provident Fund, Employee State Insurance, Group Term Insurance and Employee Labour Welfare Fund are considered as the defined contribution plans and are recognized on the basis of the amount paid or payable for the period during which services are rendered by the employees.

ऊ. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लि. के मामले में,

F. In case of IDBI Capital Market Services Ltd,

i. कंपनी द्वारा सेवानिवृत्ति लाभ के कारण भविष्य निधि और अधिवर्षिता निधि के रूप में किए गए अंशदान को राजस्व में प्रभारित किया जाता है. कंपनी की उपदान और छुट्टी नकदीकरण संबंधी देयता को भारतीय जीवन बीमा निगम की योजना के अंतर्गत शामिल किया गया है और भारतीय जीवन बीमा निगम को वार्षिक अंशदान का भुगतान किया जाता है.

The Company's contribution on account of retirement benefits in the form of Provident Fund and Superannuation Fund is charged to revenue. The gratuity and leave encashment liability of the company are covered under the scheme with Life Insurance Corporation of India and the yearly contribution is paid to LIC.

ii. भविष्य निधि एक निर्धारित अंशदान योजना है और संबंधित निधि में अंशदान के देय होने पर अंशदान को वर्ष के लाभ-हानि लेखे में प्रभारित किया जाता है.

Provident Fund is a defined contribution scheme and the contributions are charged to the Profit & Loss Account of the year when the contributions to the respective funds are due.

iii. कंपनी, भारतीय जीवन बीमा निगम की अनुमोदित समूह उपदान पॉलिसी में अंशदान करती है. उपदान संबंधी देयता निर्धारित लाभ दायित्व है और इसके लिए पूर्वानुमानित यूनिट जमा पद्धति के आधार पर प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में एएस 15 (संशोधित) के अनुसार किए जाने वाले बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर प्रावधान किया जाता है.

The Company contributes to an approved Group Gratuity Policy with the LIC of India. Gratuity liability are defined benefit obligations and are provided for on the basis of an actuarial valuation as per AS 15 (Revised) made at the end of each financial year based on the projected unit credit method.

iv. कंपनी, भारतीय जीवन बीमा निगम की समूह छुट्टी नकदीकरण पॉलिसी में अंशदान करती है. अल्पावधि क्षतिपूरित अनुपस्थितियों के लिए अनुमानों के आधार पर प्रावधान किया जाता है.

The Company contributes to the Group Leave Encashment Policy with the LIC of India. Short term compensated absences are provided for based on estimates.

v. बीमांकिक लाभों/ हानियों को तुरंत लाभ-हानि लेखे में डाल दिया जाता है और इन्हें आस्थगित नहीं किया जाता है.

Actuarial gains/losses are immediately taken to the profit and loss account and are not deferred.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

13. खंड रिपोर्टिंग

Segment Reporting:

अ. आईडीबीआई बैंक लि. के मामले में,

A. In case of IDBI Bank Ltd,

i. समूह चार खंडों यथा- होलसेल बैंकिंग, रिटेल बैंकिंग, ट्रेजरी सेवाएं व अन्य बैंकिंग परिचालनों में कार्य करता है. इन खंडों का निर्धारण एएस-17 के अनुसार योजनाओं व सेवाओं के स्वरूप व जोखिम प्रोफाइल, लक्षित ग्राहक प्रोफाइल, संगठनात्मक संरचना तथा समूह की आंतरिक रिपोर्टिंग प्रणाली के आधार पर किया गया है. समूह ने कारोबार खंड को प्रमुख खंड के रूप में प्रकट किया है. समूह मुख्य रूप से भारत में परिचालन करता है, अतः समूह को मुख्यतः देशी खंड में ही परिचालन करनेवाला माना जाता है और इसलिए कोई भौगोलिक खंड रिपोर्ट योग्य नहीं हैं.

The Group operates in four segments wholesale banking, retail banking, treasury services and other banking operations. These segments have been identified in line with AS-17 on segment reporting after considering the nature and risk profile of the products and services, the target customer profile, the organization structure and the internal reporting system of the Group. The Group has disclosed business segment as the primary segment. The Group primarily operates in India, hence the group has considered operating predominantly in the domestic segment and as such there are no reportable geographical segments.

ii. खंड राजस्व, परिणाम, आस्तियों व देयताओं में प्रबंधन द्वारा प्रत्येक खंड हेतु आबंटित व अनुमानित किए अनुसार अभिनिर्धारणीय राशि शामिल है. जिन आस्तियों व देयताओं को अभिनिर्धारणीय खंडों में आबंटित नहीं किया जा सकता है उन्हें गैर-आबंटित आस्तियों व देयताओं के रूप में पुनर्समूहित किया गया है

Segment revenue, results, assets and liabilities include the amounts identifiable to each of the segments as also amounts allocated, as estimated by the management. Assets and liabilities that cannot be allocated to identifiable segments are grouped under unallocated assets and liabilities.

आ. जीवन बीमा संयुक्त उद्यम - आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि.,

B. Life Insurance Joint Venture – IDBI Federal Life Insurance Company Ltd,

i. आईसीएआई द्वारा जारी ''खंडवार रिपोर्टिंग'' पर एएस-17 के साथ पठित आईआरडीएआई (बीमा कंपनियों के वित्तीय विवरणों और लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट तैयार करना) विनियम 2002 ('विनियम') के अधीन अभिनिर्धारित प्राथमिक खंडों के आधार पर कंपनी ने खंडवार सूचना को शेयरधारक एवं पॉलिसीधारक - सहभागिता (जीवन), गैर सहभागिता (जीवन, पेंशन, स्वास्थ्य एवं समूह), परिवर्तनीय गैर-संबद्ध (पेंशन एवं समूह) और संबद्ध (जीवन एवं पेंशन) कारोबार के रूप में वर्गीकृत और प्रकटन किया है.

Based on the primary segments identified under IRDAI (Preparation of Financial Statements and Auditors' Report of Insurance Companies) Regulations 2002 ('the Regulations') read with AS-17 on "Segmental Reporting" issued by ICAI, the Company has classified and disclosed segmental information into Shareholder & Policyholder – Participating (Life), Non Participating (Life, Pension, Health & Group), Variable Non-Linked (Pension & Group) and Linked (Life & Pension) businesses.

ii. चूंकि कंपनी का कारोबार परिचालन भारत में प्रभावी है और सभी पॉलिसियां भारत में ही लिखित हैं, अतः रिपोर्ट करने योग्य कोई भौगोलिक खंड नहीं है.

There are no reportable geographical segments, since the business operations of the Company are given effect to in India and all the policies are written in India only.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

iii. **आबंटन कार्यप्रणाली**

Allocation methodology

राजस्व और व्यय, आस्तियां और देयताएं जो प्रत्यक्ष रूप से आरोप्य और संबंधित खंडों के लिए निर्धारणीय योग्य हैं उन्हें उन संबंधित खंडों के लिए सीधे आबंटित किया गया है.

Revenues and expenses, assets and liabilities which are directly attributable and identifiable to the respective segments, are directly allocated for in that respective segment.

बीमा कारोबार से संबंधित परिचालन व्ययों को निम्नलिखित पद्धति से विशिष्ट कारोबार खंडों को आबंटित किया गया है जो नियमित आधार पर लागू है.

Operating expenses relating to insurance business are allocated to specific business segments in the following manner, which is applied on a consistent basis.

क. खंड में प्रत्यक्ष अभिनिर्धारण योग्य व्ययों का आबंटन वास्तविक आधार पर किया जाता है.

a. Expenses that are directly identifiable to the segment are allocated on actual basis.

ख. अन्य व्यय (मूल्य ह्रास और परिशोधन सहित), जो कारोबार खंड में प्रत्यक्ष अभिनिर्धारण योग्य नहीं हैं, का आबंटन निम्न में से किसी एक आधार पर किया जाता है.

b. Other expenses (including depreciation and amortization), that are not directly identifiable to a business segment, are allocated on either of the following bases:

- जारी बीमा पॉलिसियों / प्रमाणपत्रों की संख्या

  Number of policies/certificate of insurance issued

- भारित वार्षिकीकृत प्रीमियम

  Weighted Annualized Premium

- निधि आकार/ निधियों की संख्या

  Fund Size / Number of funds

- प्रीमियम आय

  Premium Income

- प्रवर्तमान पॉलिसियों की संख्या

  Number of policies in force

- दावों की संख्या

  Number of claims

आबंटन की पद्धति का निर्धारण व्यय की प्रकृति और विभिन्न कारोबारी खंडों से इसके तार्किक सह संबंधों के आधार पर किया गया है.

The method of allocation has been decided based on the nature of the expense and its logical co-relation with various business segments.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

14. कराधान

Taxation:

अ. आईडीबीआई बैंक लि. के मामले में,

A. In case of IDBI Bank Ltd,

i. कर व्यय में चालू एवं आस्थगित कर शामिल हैं.

Tax expense comprises of current and deferred tax.

चालू कर आयकर की वह निर्धारित राशि है जो किसी अवधि के लिए करयोग्य आय (कर हानि) के संबंध में देय (वसूली योग्य) है. इसकी गणना आय कर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों तथा आय परिकलन और प्रकटन मानकों (आईसीडीएस) के अनुसार की जाती है.

Current tax is the amount of Income tax determined to be payable (recoverable) in respect of taxable income (tax loss) for a period calculated in accordance with the provisions of the Income Tax Act, 1961 and the Income Computation and Disclosure Standards (ICDS).

ii. वर्ष के बहियों और कर लाभों के बीच समय अंतरालों हेतु आस्थगित कर को उन कर दरों एवं कानूनों का प्रयोग करते हुए हिसाब में लिया जाता है जो तुलनपत्र की तारीख को पर्याप्त रूप से अधिनियमित किये गये हों. समय अंतरालों से उत्पन्न होनेवाली आस्थगित कर आस्तियों को इनकी भविष्य में वसूली की पर्याप्त निश्चितता की सीमा तक हिसाब में लिया जाता है.

Deferred tax for timing differences between the book and tax profits for the year is accounted for, using the tax rates and laws that have been substantively enacted as of the balance sheet date. Deferred tax assets arising from timing differences are recognized to the extent there is reasonable certainty that these would be realized in future.

iii. अनवशोषित हानियों के मामले में आस्थगित कर आस्तियां तभी मानी जाती हैं जब यह वास्तविक रूप से सुनिश्चित हो कि ऐसी आस्थगित कर आस्ति भावी कर योग्य लाभों में से वसूल की जा सकती हैं.

Deferred tax assets in case of unabsorbed losses are recognized only if there is virtual certainty that such deferred tax asset can be realized against future taxable profits.

iv. विभागीय अपीलों सहित जिन विवादित करों के लिए प्रावधान नहीं किया जाता है, उन्हें आकस्मिक देयताओं के अंतर्गत शामिल किया जाता है.

Disputed taxes not provided for including departmental appeals are included under Contingent Liabilities.

आ. आईडीबीआई इंटेक लि. के मामले में वर्ष के दौरान वर्तमान आयकर प्रावधान और आस्थगित कर आस्ति या देयता में परिवर्तन शामिल हैं. आस्थगित कर आस्तियों और देयताओं की गणना प्रचलित अधिनियमित कर दरों के आधार पर, लेखांकन अवधि की समाप्ति पर, संचित समय अंतराल पर की जाती है. न्यूनतम वैकल्पिक कर (एमएटी) की गणना और उसके प्रावधान कर क़ानूनों के अनुसार किए जाते हैं जो भावी आयकर देयताओं के समायोजन के रूप में भावी आर्थिक लाभ प्रदान करता है. युक्तियुक्त साक्ष्य होने पर कि कंपनी भविष्य में सामान्य कर अदा करेगी की स्थिति में इसे आस्ति के रूप में माना जाता है. तदनुसार इसकी संभावना होने पर कि इससे सम्बद्ध भावी आर्थिक लाभ कंपनी के पास जाएगा और आस्ति का आकलन विश्वासपूर्वक किया जा सकता है, न्यूनतम वैकल्पिक कर को तुलन पत्र में आस्ति के रूप में दर्शाया जाता है.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

B. In case of IDBI Intech Ltd, Income tax comprises the current tax provision and the change in the deferred tax asset or liability in the year. The deferred tax assets and liabilities are calculated on the accumulated timing difference at the end of an accounting period based on prevailing enacted tax rates. Minimum Alternative Tax (MAT) is worked out and provided in accordance to the tax laws, which gives future economic benefit in the form of adjustment of future income tax liability, is considered as an asset if there is convincing evidence that the company will pay normal income tax in future. Accordingly, MAT is recognized as an asset in the balance sheet when it is probable that the future economic benefit associated with it will flow to the company and the asset can be measured reliably.

इ. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लि. के मामले में वर्तमान कर का आकलन आयकर अधिनियम के अनुसार भुगतान की जानेवाली/ आयकर प्राधिकारियों से वसूल की जानेवाली अनुमानित राशि के आधार पर किया जाता है. समय अंतराल का कर प्रभाव, जो कर योग्य आय और लेखांकन आय का अंतर है, एक या अधिक परवर्ती अवधियों में प्रतिवर्तन के लिए उपयुक्त होता है तथा इसे आस्थगित कर आस्ति या आस्थगित देयता के रूप में दर्ज किया जाता है. आस्थगित कर आस्ति और देयता समय अंतरालों के प्रति उत्तरदायी भावी कर परिणामों के लिए निर्धारित किए जाते हैं. इनका आकलन तुलन पत्र की तारीख तक अधिनियमित या मौलिक रूप से अधिनियमित कर दरों और कर विनियमों का प्रयोग करते हुए किया जाता है. आस्थगित कर आस्तियां निर्धारित की जाती है और उचित निश्चयता की स्थिति में उस सीमा तक आगे ले जायी जाती हैं कि भविष्य में पर्याप्त कर योग्य आय उपलब्ध होगी जिसके एवज में आस्थगित कर आस्तियों की वसूली की जा सकेगी. तथापि, जहां अनवशोषित मूल्यह्रास और आगे ले जायी गई हानि हैं, आस्थगित कर आस्ति का सृजन केवल तभी किया जाता है जब आस्तियों के समाशोधन की वास्तविक निश्चयता हो. यह यथोचित रूप से और निश्चित न हो पाने पर कि पर्याप्त रूप से भावी कर योग्य आय उपलब्ध हो पाएगी जिसके एवज में आस्थगित कर की वसूली की जा सकेगी, आस्थगित कर आस्तियों की रखाव राशि प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को इस सीमा तक कम कर दी जाती है. न्यूनतम वैकल्पिक कर (एमएटी) के संबंध में कर जमा का निर्धारण आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115 जेएए के प्रावधानों के अनुसार युक्तियुक्त साक्ष्य के आधार पर इस शर्त के साथ किया जाता है कि कंपनी सांविधिक समय-सीमा के भीतर सामान्य आयकर का भुगतान करेगी तथा प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को इसकी समीक्षा की जाती है.

C. In case of IDBI Capital Market Services Ltd., Current tax is measured at the amount expected to be paid/ recovered from the tax authorities, in accordance with the Income Tax Act. The tax effect of the timing differences that result between taxable income and accounting income and are capable of reversal in one or more subsequent periods are recorded as a deferred tax asset or deferred tax liability. Deferred tax assets and liabilities are recognized for future tax consequences attributable to timing differences. They are measured using the enacted or substantively enacted tax rates and tax regulations as at the balance sheet date. Deferred tax assets are recognised and carried forward only to the extent there is reasonable certainty that sufficient taxable income will be available in future, against which the deferred tax assets can be realized; however where there is unabsorbed depreciation and carried forward losses, deferred tax assets is created only if there is virtual certainty of realization of assets. The carrying amount of deferred tax assets at each balance sheet date is reduced to the extent that it is no longer reasonably certain that sufficient future taxable income will be available against which the deferred tax asset can be realized. Tax credit is recognized in respect of Minimum Alternate Tax (MAT) as per the provisions of Section 115JAA of the Income tax Act, 1961 based on convincing evidence that the Company will pay normal income tax within the statutory time frame and is reviewed at each balance sheet date.

ई. जीवन बीमा संयुक्त उद्यम-आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. : आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अंतर्गत स्वीकार्य लाभ को ध्यान में रखते हुए संबंधित अवधि के लिए आयकर का प्रावधान किया जाता है. जीवन बीमा सेवा पर सेवा कर देयता का समंजन इनपुट सेवाओं पर प्रदत्त कर से उपलब्ध सेवा कर जमाओं से किया जाता है. अप्रयुक्त जमाओं, यदि कोई हो, को समंजन के लिए आगे ले जाया जाता है.

D. Life Insurance Joint Venture - IDBI Federal Life Insurance Company Ltd, Provision for income tax for the period is made after taking into consideration the benefits admissible under the provisions of Income Tax Act, 1961. Service Tax liability on life insurance service is set-off against the service tax credits available from tax paid on input services. Unutilized credits, if any, are carried forward for set-off.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

उ. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट के मामले में आयकर व्यय में चालू कर (अर्थात् आयकर क़ानूनों के अनुसार निर्धारित अवधि के लिए कर राशि), आस्थगित कर प्रभार या क्रेडिट (संबन्धित अवधि के लिए लेखांकन आय और कर योग्य आय के बीच समय अंतरालों के कर प्रभाव को दर्शाने वाले) शामिल हैं. चालू आयकर के लिए चालू कर प्रावधान भारतीय आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अनुसार निर्धारित किया जाता है तथा कर भत्तों और रियायतों के लिए क्रेडिट लेने के बाद कर देयता के आधार पर वार्षिक रूप से प्रावधान किया जाता है. आस्थगित कर, आस्थगित कर आस्तियां और देयताएँ समय अंतरालों के प्रति उत्तरदायी भावी कर परिणामों के लिए निर्धारित की जाती हैं जो आयकरों के लिए प्रस्तावित लाभ और वित्तीय विवरणों के अनुसार लाभ के बीच के परिणाम होते हैं. आस्थगित कर आस्तियों और देयताओं के आकलन तुलन पत्र की तारीख तक अधिनियमित या मौलिक रूप से अधिनियमित कर दरों और कर क़ानूनों का प्रयोग करके किए जाते हैं. आस्थगित कर आस्तियों और देयताओं पर कर दरों में परिवर्तन के प्रभाव उस अवधि में मान्य होते हैं जिसमें अधिनियमन की तारीख शामिल होती है. युक्तियुक्त निश्चयता की स्थिति में आस्थगित कर आस्तियां उस सीमा तक निर्धारित की जाती हैं कि आस्तियों की वसूली भविष्य में की जा सके. तथापि, जहां कराधान क़ानूनों के अंतर्गत अनवशोषित अनर्जकता और आगे ले जायी गई हानि है, आस्थगित कर आस्तियां तभी निर्धारित की जाती है जब ऐसी आस्तियों की वसूली की वास्तविक निश्चयता हो. आस्थगित कर आस्तियों का पुनर्मूल्यन प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को उनके संबंधित रखाव मूल्य के औचित्य के आकलन के लिए किया जाता है.

E. In case of IDBI Asset Management Ltd, Income tax expense comprises current tax (i.e. amount of tax for the period determined in accordance with the income-tax law), deferred tax charge or credit (reflecting the tax effects of timing differences between accounting income and taxable income for the period). Current taxes Provision for current income-tax is recognized in accordance with the provisions of Indian Income-tax Act, 1961 and is made annually based on the tax liability after taking credit for tax allowances and exemptions. Deferred taxes Deferred tax assets and liabilities are recognized for the future tax consequences attributable to timing differences that result between the profits offered for income taxes and the profits as per the financial statements. Deferred tax assets and liabilities are measured using the tax rates and the tax laws that have been enacted or substantively enacted by the balance sheet date. The effect of a change in tax rates on deferred tax assets and liabilities is recognized in the period that includes the enactment date. Deferred tax assets are recognized only to the extent there is reasonable certainty that the assets can be realized in the future. However, where there is unabsorbed depreciation or carried forward loss under taxation laws, deferred tax assets are recognized only if there is virtual certainty of realization of such assets. Deferred tax assets are reassessed for the appropriateness of their respective carrying values at each balance sheet date.

ऊ. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ के मामले में वर्तमान वर्ष के लिए कर का निर्धारण वर्तमान कर क़ानूनों के आधार पर किया जाता है तथा वर्तमान वर्ष के लिए कर योग्य आय के बारे में देय कर लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है. कर योग्य आय और लेखांकन आय में अंतर की वजह से समय अंतराल के कारण आस्थगित कर को दर्शाया जाता है जो कि एक अवधि में आरंभ होकर परवर्ती एक या अधिक अवधियों में प्रतिवर्तित हो सकते हैं. आस्थगित कर आस्ति, निर्धारित की जाती है और वास्तविक निश्चयता के साथ केवल उस सीमा तक आगे ले जायी जाती है कि भविष्य में आस्ति की वसूली हो जाएगी. उन मामले में जहां युक्तियुक्त साक्ष्य द्वारा समर्थित कोई वास्तविक निश्चितता नहीं है, आस्थगित कर आस्ति लेखांकन बहियों में उपचित नहीं होती है.

F. In case of IDBI Trusteeship Services Ltd, Current year's tax is determined based on current tax laws and the amount of tax payable in respect of taxable income of the current year is provided in profit & loss account. Deferred tax is recognised on account of timing difference; being the difference between taxable incomes and accounting income that originate in one period and is capable of reversal in one or more subsequent periods. Deferred tax assets is recognized and carried forward only to the extent that there is a virtual certainty that the asset will be realized in future. In cases where there is no virtual uncertainty supported by convincing evidence, the Deferred tax asset is not accrued in books of accounts.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

ए. आईडीबीआई एमएफ़ ट्रस्टी कंपनी लि. के मामले में आयकर व्यय में चालू कर (अर्थात आयकर क़ानूनों के अनुसार निर्धारित अवधि के लिए कर राशि), आस्थगित कर प्रभार या क्रेडिट (संबंधित अवधि के लिए लेखांकन आय और कर योग्य आय के बीच समय अंतरालों के कर प्रभाव को दर्शाने वाले) शामिल हैं. चालू आयकर के लिए चालू कर प्रावधान भारतीय आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अनुसार निर्धारित किया जाता है तथा कर भत्तों और रियायतों के लिए क्रेडिट लेने के बाद कर देयता के आधार पर वार्षिक रूप से प्रावधान किया जाता है. आस्थगित कर, आस्थगित कर आस्तियां और देयताएँ समय अंतरालों के प्रति उत्तरदायी भावी कर परिणामों के लिए निर्धारित की जाती हैं जो आयकरों के लिए प्रस्तावित लाभ और वित्तीय विवरणों के अनुसार लाभ के बीच के परिणाम होते हैं. आस्थगित कर आस्तियों और देयताओं के आकलन तुलन पत्र की तारीख तक अधिनियमित या मौलिक रूप से अधिनियमित कर दरों और कर क़ानूनों का प्रयोग करके किए जाते हैं. आस्थगित कर आस्तियों और देयताओं पर कर दरों में परिवर्तन के प्रभाव उस अवधि में मान्य होते हैं जिसमें अधिनियमन की तारीख शामिल होती है. युक्तियुक्त निश्चयता की स्थिति में आस्थगित कर आस्तियां उस सीमा तक निर्धारित की जाती हैं कि आस्तियों की वसूली भविष्य में की जा सके. तथापि, जहां कराधान क़ानूनों के अंतर्गत अनवशोषित मूल्यह्रास या आगे ले जाई गई हानि है, आस्थगित कर आस्तियां तभी निर्धारित की जाती है जब ऐसी आस्तियों की वसूली की वास्तविक निश्चयता हो. आस्थगित कर आस्तियों का पुनर्मूल्यन प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को उनके संबंधित रखाव मूल्य के औचित्य आकलन के लिए किया जाता है.

G. In case of IDBI MF Trustee Company Ltd, Income tax expense comprises current tax (i.e. amount of tax for the period determined in accordance with the income-tax law), deferred tax charge or credit (reflecting the tax effects of timing differences between accounting income and taxable income for the period). Current taxes Provision for current income-tax is recognized in accordance with the provisions of Indian Income-tax Act, 1961 and is made annually based on the tax liability after taking credit for tax allowances and exemptions. Deferred taxes Deferred tax assets and liabilities are recognized for future tax consequences attributable to timing differences that result between the profits offered for income taxes and the profits as per the financial statements. Deferred tax assets and liabilities are measured using the tax rates and the tax laws that have been enacted or substantively enacted by the balance sheet date. The effect of a change in tax rates on deferred tax assets and liabilities is recognized in the period that includes the enactment date. Deferred tax assets are recognized only to the extent there is reasonable certainty that the assets can be realized in the future. However, where there is unabsorbed depreciation or carried forward loss under taxation laws, deferred tax assets are recognized only if there is virtual certainty of realization of such assets. Deferred tax assets are reassessed for the appropriateness of their respective carrying values at each balance sheet date.

15. प्रारंभिक खर्च

Preliminary Expenses:

जीवन बीमा संयुक्त उद्यम - आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि., प्रारंभिक खर्चों का परिशोधन दस वर्षों की अवधि तक किया जाता है. इस प्रकार से प्रारंभिक खर्चों (जो वर्तमान में बट्टे खाते नहीं डाले गए या समायोजित नहीं हैं) को आईआरडीए के प्रावधानों के अंतर्गत यथा उल्लिखित शेयर पूंजी की अनुसूची में समायोजित किया जाता है.

Life Insurance Joint Venture- IDBI Federal Life Insurance Company Ltd, Preliminary expenses are amortized over a period of ten years. Such preliminary expenses (to the extent not written off or adjusted) are adjusted in the schedule of Share Capital as prescribed under the IRDA regulations.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

16. प्रति शेयर उपार्जन

Earnings Per Share:

i. समूह एएस 20 के अनुसार मूल एवं न्यूनीकृत प्रति शेयर उपार्जन की सूचना देता है. प्रति शेयर मूल उपार्जन की गणना कर-पश्चात् निवल लाभ को उस अवधि में बकाया इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या से भाग देकर की जाती है.

The Group reports basic and diluted Earnings per Share in accordance with AS 20. Basic Earnings per Share is computed by dividing the net profit after tax by the weighted average number of equity shares outstanding for the year.

ii. प्रति शेयर न्यूनीकृत आय उस संभावित न्यूनीकरण को दर्शाती है जो उस अवधि के दौरान प्रतिभूतियों या इक्विटी शेयर जारी करने की अन्य संविदाओं का उपयोग या परिवर्तन करने पर हो सकता है. प्रति शेयर न्यूनीकृत आय की गणना कर-पश्चात् निवल लाभ को इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या और वर्ष के अंत में बकाया न्यूनीकृत संभाव्य इक्विटी शेयरों की संख्या से भाग देकर की जाती है.

Diluted Earnings per Share reflect the potential dilution that could occur if securities or other contracts to issue equity shares were exercised or converted during the period. Diluted Earnings per Share is computed by dividing the net profit after tax by the sum of the weighted average number of equity shares and dilutive potential equity shares outstanding at the year end.

17. आस्तियों की अनर्जकता

Impairment of Assets:

अ. आईडीबीआई बैंक लि. के मामले में जब भी किसी घटना अथवा परिस्थितियों में हुए परिवर्तन ऐसे संकेत देते हैं कि किसी आस्ति की रखाव-राशि वसूलीयोग्य नहीं है तो अचल आस्तियों की अनर्जकता की समीक्षा की जाती है. धारित तथा उपयोग की जाने वाली आस्तियों की वसूली क्षमता का आकलन अनुमानित चालू वसूली योग्य मूल्य की तुलना आस्ति की रखाव राशि से करके किया जाता है. यदि ऐसी आस्तियां अनर्जक मानी गई हों तो निर्धारित होने वाली अनर्जकता को उस आस्ति की दर्ज लागत से उसके चालू अनुमानित वसूली योग्य मूल्य की तुलना में आधिक्य से मापा जाता है.

A. In case of IDBI Bank Ltd, Fixed Assets are reviewed for impairment whenever events or changes in circumstances warrant that the carrying amount of an asset may not be recoverable. Recoverability of assets to be held and used is measured by a comparison of the carrying amount of an asset to the estimated current realizable value. If such assets are considered to be impaired, the impairment to be recognized is measured by the amount by which the carrying amount of the asset exceeds the estimated current realizable value of the asset.

आ. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ के मामले में, आंतरिक/बाह्य कारकों के आधार पर अनर्जकता का कोई संकेत होने पर प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को आस्ति की रखाव राशि की समीक्षा की जाती है. आस्तियों की रखाव राशि इसके वसूली योग्य मूल्य से अधिक हो जाने पर आस्ति को अनर्जक माना जाता है. अनर्जक हानि, यदि कोई है, को आस्ति के अनर्जक निर्धारण होने वाले वर्ष में लाभ-हानि खाते में प्रभारित किया जाता है. जब ऐसा संकेत मिलता है कि अनर्जक हानियां अब समाप्त या न्यून हो गईं हैं तो पूर्व वर्षों में दर्शाई गई अनर्जक हानि का प्रतिवर्तन दर्ज किया जाता है.

B. In case of IDBI Trusteeship Services Ltd, the carrying amounts of the assets are reviewed at each Balance Sheet date for impairment based on internal / external factors. An asset is treated as impaired when the carrying cost of the asset exceed its recoverable value. An impairment loss, if any, is charged to Profit and Loss Account in the year in which an asset is identified as impaired. Reversal of impairment loss recognised in prior years is recorded when there is an indication that the impairment losses recognised for the assets no longer exists or has decreased.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

इ. जीवन बीमा संयुक्त उद्यम-आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि.- प्रबंधन वाह्य और आंतरिक स्रोतों का प्रयोग करते हुए किसी आस्ति के अनर्जक होने के संकेत के बारे में आवधिक मूल्यांकन करता है. अनर्जकता उन मामलों में होती है जहां रखाव मूल्य भावी नकदी प्रवाह के वर्तमान मूल्य, जिसके आस्ति के निरंतर प्रयोग और इसके आकस्मिक निपटान से बढ़ाने की संभावना होती है, से बढ़ जाता है. व्यय की जाने वाली अनर्जक हानि का निर्धारण उपर्युक्त निर्धारण के अनुसार आस्ति के उच्चतर निवल बिक्री मूल्य या वर्तमान मूल्य पर रखाव राशि के आधिक्य के रूप में किया जाता है.

C. Life Insurance Joint Venture - IDBI Federal Life Insurance Company Ltd, Management periodically assesses, using external and internal sources, whether there is any indication that an asset may be impaired. Impairment occurs where the carrying value exceeds the present value of future cash flows expected to arise from the continuing use of the asset and its eventual disposal. The impairment loss to be expensed is determined as the excess of the carrying amount over the higher of the asset's net sales price or present value as determined above.

ई. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट के मामले में, कंपनी किसी आस्ति के अनर्जक होने के संकेत के बारे में प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को आवधिक मूल्यांकन करती है. यदि ऐसे किसी संकेत का पता चलता है तो कंपनी आस्ति की वसूली योग्य राशि का आकलन करती है. यदि आस्ति की वसूली योग्य राशि इसके रखाव राशि से कम है तो रखाव राशि इसकी वसूलीयोग्य राशि से कम कर दी जाती है. कमी को अनर्जक हानि के रूप में माना जाता है तथा लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है. यदि तुलन पत्र की तारीख को ऐसे कोई संकेत हैं कि पूर्ववर्ती आकलित अनर्जक हानि अधिक समय तक नहीं रहेगी तो वसूली योग्य राशियों का पुनर्मूल्यन किया जाता है और आस्ति को अधिकतम मूल्य ह्रासित पुरानी लागत के अधीन वसूली योग्य राशि में दर्शाया जाता है. अनर्जकता के बाद, आस्ति के संशोधित रखाव राशि पर, इसकी शेष उपयोगी अवधि के लिए, मूल्यह्रास का प्रावधान किया जाता है

D. In case of IDBI Asset Management Ltd, The Company assesses at each Balance Sheet Date whether there is any indication that an asset may be impaired. If any such indication exists, the Company estimates the recoverable amount of the asset. If such recoverable amount of the asset is less than its carrying amount, the carrying amount is reduced to its recoverable amount. The reduction is treated as an impairment loss and is recognized in the profit and loss account. If at the balance sheet date there is an indication that a previously assessed impairment loss no longer exists, the recoverable amount is reassessed and the asset is reflected at the recoverable amount subject to a maximum of depreciable historical cost. After impairment, depreciation is provided on the revised carrying amount of the asset over its remaining useful life.

उ. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लि. के मामले में आस्ति की रखाव राशि की प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को समीक्षा की जाती है ताकि अनर्जकता के किसी संकेत का पता लगाया जा सके. यदि ऐसे किसी संकेत का पता चलता है तो आस्ति के वसूली योग्य राशि के बारे में आकलन किया जाता है. जब कभी किसी आस्ति की रखाव राशि या इसकी नकदी जनरेट करने वाली इकाई वसूली योग्य राशि से अधिक होती है, अनर्जक हानि का निर्धारण किया जाता है. वसूली योग्य राशि, आस्ति के निवल विक्रय मूल्य और उपयोग मूल्य से अधिक होती है जिसका निर्धारण अनुमानित भावी नकदी प्रवाहों के आधार पर किया जाता है जो अपने वर्तमान मूल्य पर भुनाए जाते हैं. सभी अनर्जक हानियों को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है. वसूली योग्य राशि के निर्धारण के लिए प्रयुक्त अनुमानों में परिवर्तन की स्थिति में किसी अनर्जक हानि का प्रतिवर्तन किया जाता है तथा इसे लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है.

E. In case of IDBI Capital Market Services Ltd, The carrying amount of assets, is reviewed at each balance sheet date to determine whether there is any indication of impairment. If any such indication exists, recoverable amount of the assets is estimated. An Impairment loss is recognized whenever the carrying amount of an asset or its cash generating unit exceeds its recoverable amount. The recoverable amount is the greater of the asset's net selling price and value in the use, which is determined, based on the estimated future cash flows discounted to their present values. All impairment losses are recognized in the profit and loss account. An impairment loss is reversed if there is a change in the estimates used to determine the recoverable amount and is recognized in the profit and loss account.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

ऊ. आईडीबीआई इंटेक लि. के मामले में, आंतरिक/बाह्य कारकों के आधार पर अनर्जकता का कोई संकेत होने पर प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को आस्ति की रखाव राशि की समीक्षा की जाती है. आस्तियों की रखाव राशि इसके वसूलीयोग्य मूल्य से अधिक हो जाने पर आस्ति को अनर्जक माना जाता है. अनर्जक हानि, यदि कोई है, को आस्ति के अनर्जक निर्धारण होने वाले वर्ष में लाभ-हानि खाते में प्रभारित किया जाता है. जब ऐसा संकेत मिलता है कि अनर्जक हानियां अब समाप्त या न्यून हो गई हैं तो पूर्व वर्षों में दर्शाई गई अनर्जक हानि का प्रतिवर्तन दर्ज किया जाता है.

F. In case of IDBI Intech Ltd, the carrying amounts of assets are reviewed at each Balance Sheet date if there is any indication of impairment based on internal/external factors. An asset is treated as impaired when the carrying cost of assets exceeds its recoverable value. An impairment loss, if any, is charged to Profit and Loss Account in the year in which an asset is identified as impaired. Reversal of impairment losses recognised in prior years is recorded when there is an indication that the impairment losses no longer exist or have decreased.

18. पूर्व अवधि समायोजन

Prior period adjustments:

आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लि. के मामले में, पूर्व वर्षों की मदों, वर्ष के दौरान समायोजन/उद्भूत/निपटाए गए/नोट किए गए दावे, यदि मूर्त प्रकृति के हों तो पूर्व अवधि के व्ययों/आय से अथवा यदि मूर्त प्रकृति के न हों तो संबंधित लेखा शीर्षों से नामे/जमा किए जाते हैं.

In case of Idbi Trusteeship Services Ltd., Earlier year items, adjustment / claims, arisen/ settled/ noted during the year, if material in nature, are debited/ credited to prior period expenses/ income or respective heads of account, if not material in nature.

19. नकदी प्रवाह विवरण

Cash Flow Statements:

अ. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लि. के मामले में नकदी प्रवाह विवरण, नकदी प्रवाह विवरण पर लेखा मानक में (एएस-3) में वर्णित ''अप्रत्यक्ष पद्धति'' के अनुसार तैयार किए जाते हैं. कंपनी के नियमित राजस्व निर्माण, वित्तपोषण और निवेश कार्यकलापों से होने वाले नकदी प्रवाह को अलग अलग किया जाता है.

A. In case of IDBI Trusteeship Services Ltd., Cash Flow Statements are prepared in accordance with "Indirect Method" as explained in the Accounting Standard on Cash Flow Statements (AS-3). The Cash flows from regular revenue generating, financing and investing activity of the company are segregated.

आ. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि. के मामले में, नकदी प्रवाह अप्रत्यक्ष पद्धति का प्रयोग करते हुए रिपोर्ट किए जाते हैं जिसके द्वारा कर पूर्व निवल लाभ को गैर नकदी प्रकृति के लेन-देनों के लिए लागू करने, किसी आस्थगित राशियों अथवा पूर्व या भविष्य में परिचालन वाले नकदी प्राप्तियों या भुगतानों से संबंधित संचयी जमा राशियों अथवा आय मदों या नकदी प्रवाह के निवेश या वित्तपोषण से संबद्ध व्ययों के लिए समायोजित किया जाता है. कंपनी के परिचालन, निवेश और वित्तपोषण कार्यकलापों से होने वाले नकदी प्रवाह को अलग अलग किया जाता है.

B. In case of IDBI Asset Management Ltd, Cash Flows are reported using indirect method whereby net profits before tax is adjusted for the effects of transactions of a non cash nature, any deferrals or accruals of past or future operating cash receipts or payments and item of income or expenses associated with investing or financing cash flows. The cash flows from operating, investing and financing activities of the company are segregated.

इ. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लि. के मामले में नकदी प्रवाह विवरण, नकदी प्रवाह विवरणों के लेखा मानक 3 में निर्धारित किए गए अनुसार अप्रत्यक्ष पद्धति से तैयार किया जाता है तथा यह कंपनी के परिचालन, निवेश और वित्तपोषण कार्यकलापों पर नकदी प्रवाह को दर्शाता है. नकदी प्रवाह विवरण में प्रदर्शित नकदी और नकदी समतुल्य में, हाथ में नकदी और बैंकों में जमा मांग राशियां शामिल हैं.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

C. In case of IDBI Capital Market Services Ltd, The Cash Flow Statement is prepared by the indirect method set out in Accounting Standard 3 on Cash Flow Statements and presents the cash flows by operating, investing and financing activities of the Company. Cash and Cash equivalents presented in the Cash Flow Statement consist of cash on hand and demand deposits with banks.

20. पट्टे

Leases:

अ. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लि. के मामले में पट्टे की व्यवस्थाएं, जहां किसी आस्ति के स्वामित्व के बारे में सभी जोखिम और लाभ वास्तव में पट्टाकर्ता में निहित हैं, का निर्धारण परिचालनगत पट्टे के रूप में किया जाता है. परिचालनगत पट्टा भुगतानों को पट्टा अवधि के दौरान 'किराया दरें और करों' के अंतर्गत लाभ-हानि लेखे में सीधी रेखा आधार पर व्यय के रूप में दर्शाया जाता है.

A. In case of IDBI Capital Market Services Ltd, Leases where the lessor effectively retains substantially all the risks and benefits of ownership of the leased term, are classified as operating leases. Operating lease payments are recognized as an expense in the Profit and Loss account under 'Rent Rates and Taxes' on a Straight Line Basis over the lease term.

आ. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लि. के मामले में, परिचालनगत पट्टे के अंतर्गत पट्टा किराया, पट्टा करार की शर्तों के अनुसार लाभ-हानि लेखे में व्यय के रूप में निर्धारित किया जाता है.

B. In case of IDBI Trusteeship Services Ltd, Lease Payment under an operating lease is recognised as expenses in the statement of profit and loss account as per terms of lease agreement.

इ. जीवन बीमा संयुक्त उद्यम - आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि., वे पट्टे जहां पट्टाकर्ता प्रभावी रूप से पट्टे की अवधि में पर्याप्त रूप से स्वामित्व के सभी जोखिम और लाभ अपने पास रखता है, उन्हें परिचालनगत पट्टे के रूप में वर्गीकृत किया जाता है. पट्टा अवधि के दौरान, परिचालनगत पट्टा किरायों को, व्यय जैसा लागू हो, के रूप में निर्धारित किया जाता है.

C. Life Insurance Joint Venture - IDBI Federal Life Insurance Company Ltd, Leases where the lessor effectively retains substantially all the risks and benefits of ownership over the leased term are classified as operating leases. Operating lease rentals are recognized as an expense, as applicable, over the lease period.

ई. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि. के मामले में, वे पट्टे जहां पट्टाकर्ता प्रभावी रूप से पट्टे की अवधि में पर्याप्त रूप से स्वामित्व के सभी जोखिम और लाभ अपने पास रखता है, उन्हें परिचालनगत पट्टे के रूप में वर्गीकृत किया जाता है. परिचालनगत पट्टा किरायों को, पट्टा अवधि के दौरान व्यय के रूप में लाभ-हानि लेखे में निर्धारित किया जाता है.

D. In case of IDBI Asset Management Ltd, Leases, where the lessor effectively retains substantially all the risks and benefits of ownership over the lease term, are classified as operating leases. Operating lease rentals are recognized as an expense in the Profit and Loss Account.

उ. आईडीबीआई इंटेक लि. के मामले में, पट्टे की व्यवस्थाओं, जहां किसी आस्ति के स्वामित्व के बारे में जोखिम और प्रासंगिक प्रतिफल वास्तव में पट्टाकर्ता में निहित हैं, का निर्धारण परिचालनगत पट्टे के रूप में किया जाता है. परिचालनगत पट्टों के अंतर्गत पट्टे के किराए को सीधी रेखा आधार पर लाभ-हानि लेखे में निर्धारित किया जाता है.

E. In case of IDBI Intech Ltd, Lease arrangements where the risks and rewards incidental to ownership of an asset substantially vest with the lessor are recognised as operating leases. Lease rentals under operating leases are recognised in the statement of profit & loss on straight - line basis.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

21. प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक आस्तियां

Provisions, Contingent Liabilities and Contingent Assets:

अ. आईडीबीआई बैंक लि. के मामले में,

A. In case of IDBI Bank Ltd,

i. एएस 29 के अनुरूप प्रावधानों, आकस्मिक देयताओं और आकस्मिक आस्तियों के मामले में, समूह द्वारा कोई प्रावधान तभी हिसाब में लिया जाता है जब समूह यह अभिनिर्धारित करता है कि पिछले किसी संव्यवहार के परिणामस्वरूप कोई वर्तमान देयता बनती हो और इस बात की संभावना हो कि उक्त दायित्व के निपटान के लिए आर्थिक लाभों सहित संसाधनों के बहिर्वाह की आवश्यकता होगी और जिसके लिए दायित्व संबंधी विश्वसनीय अनुमान लगाया जा सकता है.

In conformity with AS 29, Provisions, Contingent Liabilities and Contingent Assets, the Group recognizes provisions only when it has a present obligation as a result of a past event, it is probable that an outflow of resources embodying economic benefits will be required to settle the obligation, and when a reliable estimate of the amount of the obligation can be made.

ii. प्रावधानों को उनके वर्तमान मूल्य पर बट्टाकृत नही किया जाता है ओर निर्धारण तुलन पत्र की तारीख को देयता के निपटान के लिए अपेक्षित सर्वोत्तम अनुमान के आधार पर किया जाता है..

Provisions are not discounted to its present value and are determined based on best estimate required to settle the obligation at the balance sheet date.

iii. किसी प्रावधान के निपटान के लिए अपेक्षित व्यय के संबंध में संभावित प्रतिपूर्ति का निर्धारण तभी किया जाता है जब यह वास्तविक रूप से सुनिश्चित हो कि इसकी प्रतिपूर्ति प्राप्त हो जाएगी.

Reimbursement expected in respect of expenditure required to settle a provision is recognized only when it is virtually certain that the reimbursement will be received.

iv. आकस्मिक आस्तियों का न तो निर्धारण किया जाता है और न ही इनका प्रकटन किया जाता है.

iv. Contingent Assets are neither recognized nor disclosed.

आ. जीवन बीमा संयुक्त उद्यम - आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. के मामले में कंपनी, दावों (बीमा दावों के अलावा), वाद, निर्धारण, अर्थदंडों, दंडों आदि के लिए प्रावधान सृजित करती है जब पिछले किसी संव्यवहार के परिणामस्वरूप कोई वर्तमान देयता बनती हो और इस बात की संभावना हो कि उक्त देयता के निपटान के लिए कुछ राशियों के बहिर्वाह की आवश्यकता होगी और जिसके लिए विश्वसनीय अनुमान लगाया जा सकता है. ऐसी आकस्मिक देयताओं के लिए प्रकटन किया जाता है जहाँ संभावित देयता या वर्तमान देयता के लिए राशियों के बहिर्वाह की आवश्यकता हो सकती है, किन्तु संभवतः नहीं होगी. ऐसी देयताएं जहाँ संभावित देयता या वर्तमान देयता के संबंध में राशियों के बहिर्वाह होने की संभावना बहुत कम है, वहां कोई प्रावधान या प्रकटन नहीं किया जाता है.

B. Life Insurance Joint Venture - IDBI Federal Life Insurance Company Ltd, The Company creates a provision for claims (other than insurance claims), litigation, assessment, fines, penalties, etc. when there is present obligation as a result of a past event that probably requires an outflow of resources and a reliable estimate can be made of the amount of the obligation. A disclosure for a contingent liability is made when there is a possible obligation or a present obligation that may, but probably will not, require an outflow of resources. When there is a possible obligation or a present obligation in respect of which the likelihood of outflow of resources is remote, no provision or disclosure is made.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

इ. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि. के मामले में कंपनी पूर्व घटनाक्रमों के परिणामस्वरूप कोई वर्तमान दायित्व होने पर उसके लिए प्रावधान करती है जिसमें संसाधनों के बहिर्वाह की संभावना होती है तथा देयता राशि के लिए विश्वसनीय प्राक्कलन किया जा सकता है. किसी आकस्मिक देयता के लिए प्रकटन उस स्थिति में किया जाता है जब कोई संभावित दायित्व या वर्तमान दायित्व हो, जिसमें संसाधनों का बहिर्वाह हो सकता है, लेकिन संभवतः नहीं होगा. जब किसी ऐसे संभावित दायित्व या वर्तमान दायित्व की संभावना हो जिसके बारे में संसाधनों के बहिर्वाह की संभावना बहुत कम हो, तो कोई प्रावधान करने या प्रकटन की आवश्यकता नहीं होती है. प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को प्रावधानों की समीक्षा की जाती है तथा वर्तमान सर्वोत्तम आकलन को दर्शाने के लिए समायोजित किया जाता है. यदि इस बात की संभावना न हो कि दायित्व का निपटान करने के लिए संसाधनों के बहिर्वाह की जरूरत होगी, प्रावधान को प्रतिवर्तित किया जाता है. आकस्मिक आस्तियों को वित्तीय विवरणों में नहीं दर्शाया जाता है. तथापि, यदि वास्तव में निश्चित हो कि कोई आर्थिक लाभ होने वाला है तो आकस्मिक आस्तियों का निरंतर मूल्यांकन किया जाता है, आस्ति तथा संबंधित आय को उस अवधि में दर्शाया जाता है जिसमें बदलाव होता है.

C. In case of IDBI Asset Management Ltd, The Company creates a provision when there is a present obligation as a result of a past event that probably requires an outflow of resources and a reliable estimate can be made of the amount of the obligation. A disclosure for a contingent liability is made when there is a possible obligation or a present obligation that may, but probably will not, require an outflow of resources. When there is a possible obligation or a present obligation in respect of which the likelihood of outflow of resources is remote, no provision or disclosure is made. Provisions are not discounted to their present value and are determined based on the best estimate required to settle the obligation at the Balance Sheet date. Provisions are reviewed at each balance sheet and adjusted to reflect the current best estimate. If it is no longer probable that the outflow of resources would be required to settle the obligation, the provision is reversed. Contingent assets are not recognized in the financial statements. However, contingent assets are assessed continually and if it is virtually certain that an economic benefit will arise, the asset and related income are recognized in the period in which the change occurred.

ई. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लि. के मामले में पिछले घटनाक्रमों के कारण वर्तमान दायित्व होने पर प्रावधान का निर्धारण किया जाता है. यह संभव है कि दायित्व के निपटान के लिए संसाधनों के बहिर्वाह की जरूरत हो जिसके संबंध में उचित प्रावधान किया जा सकता है. प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को इनकी समीक्षा की जाती है तथा वर्तमान सर्वोत्तम प्राक्कलन दर्शाने के लिए इनका समायोजन किया जाता है. किसी आकस्मिक देयता के लिए प्रकटन उस स्थिति में किया जाता है जब कोई संभावित दायित्व या वर्तमान दायित्व हो, जिसमें संसाधनों का बहिर्वाह हो सकता है, लेकिन संभवतः नहीं होगा. जब किसी ऐसे संभावित दायित्व या वर्तमान दायित्व की संभावना हो जिसके बारे में संसाधनों के बहिर्वाह की संभावना बहुत कम हो, तो कोई प्रावधान करने या प्रकटन की आवश्यकता नहीं है. आकस्मिक आस्तियां दर्शाई नहीं जाती हैं. अशोध्य और संदिग्ध आस्तियों का निर्धारण सभी बकाया ऋणों के मामले की समीक्षा के बाद किया जाता है. संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान उनकी उगाही के बारे में प्रबंधन द्वारा मूल्यांकन के बाद किया जाता है. ऐसे किसी भी संदिग्ध ऋण के मामले में वसूली के आसार न होने पर उसे बट्टे खाते में डाल दिया जाएगा.

D. In case of IDBI Capital Market Services Ltd, a provision is recognized when there is a present obligation as a result of past event. It is probable that an outflow of resources will be required to settle the obligation and in respect of which a reliable estimate can be made. These are reviewed at each balance sheet date and adjusted to reflect the current best estimates. A disclosure for a contingent liability is made when there is a possible obligation or a present obligation that may, but probably will not, require an outflow of resources. When there is a possible obligation or a present obligation in respect of which the likelihood of outflow of resources is remote, no provision or disclosure is made. Contingent Assets are not recognized. Bad and doubtful assets are identified after carrying out a case by case review of all outstanding debts. Provisions are made on doubtful debts on management's evaluation of their realisability. In case the chances of recovery do not exist in any of the doubtful debts, the same shall be written off.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

उ. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लि. के मामले में गणना में पर्याप्त मात्रा में अनुमान सहित प्रावधानों का निर्धारण किया जाता है जब पिछले किसी संव्यवहार के परिणामस्वरूप कोई वर्तमान देयता बनती हो और इस बात की संभावना हो कि देयताओं के निपटान के लिए राशियों के बहिर्वाह की आवश्यकता होगी. आकस्मिक देयताओं का निर्धारण नहीं किया जाता है बल्कि उनका नोट में प्रकटन किया जाता है. वित्तीय विवरणों में आकस्मिक आस्तियों का न तो निर्धारण किया जाता है और न ही प्रकटन किया जाता है.

E. In case of IDBI Trusteeship Services Ltd, Provisions involving substantial degree of estimation in measurement are recognized when there is a present obligation as a result of past events and it is probable that an outflow of resources will be required to settle the obligation. Contingent liabilities are not recognized but are disclosed in the notes. Contingent Assets are neither recognized nor disclosed in the financial statements.

ऊ. आईडीबीआई इंटेक लि. के मामले में प्रावधान का निर्धारण तब किया जाता है जब पिछले घटनाक्रम के फलस्वरूप वर्तमान दायित्व हो तथा इसकी संभावना हो कि दायित्व के निपटान के लिए संसाधनों के बहिर्वाह की आवश्यकता पड़ेगी तथा इसके संबंध में उचित प्राक्कलन किया जा सकता है. आकस्मिक देयताओं को नोटों के माध्यम से प्रकट किया जाता है. आकस्मिक आस्तियों को दर्शाया नहीं जाता है.

F. In case of IDBI Intech Ltd, A provision is recognised when there is a present obligation as a result of past event and it is possible that an outflow of resources will be required to settle the obligation, in respect of which a reliable estimate can be made. Contingent Liabilities are disclosed by way of notes. Contingent Assets are not recognised.

ए. आईडीबीआई एमएफ़ ट्रस्टीशिप कंपनी लि. के मामले में कंपनी पिछले घटनाक्रमों के परिणामस्वरूप कोई वर्तमान दायित्व होने पर उसके लिए प्रावधान करती है जिसमें संसाधनों के बहिर्वाह की संभावना होती है तथा देयता राशि के लिए एक उचित प्राक्कलन किया जा सकता है. किसी आकस्मिक देयता के लिए प्रकटन उस स्थिति में किया जाता है जब कोई संभावित दायित्व या वर्तमान दायित्व हो, जिसमें संसाधनों का बहिर्वाह हो सकता है, लेकिन संभवतः नहीं होगा. जब किसी ऐसे संभावित दायित्व या वर्तमान दायित्व की संभावना हो जिसके बारे में संसाधनों के बहिर्वाह की संभावना बहुत कम हो, तो कोई प्रावधान करने या प्रकटन की आवश्यकता नहीं है. प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को प्रावधानों की समीक्षा की जाती है तथा वर्तमान सर्वोत्तम आकलन को दर्शाने के लिए समायोजित किया जाता है. यदि इस बात की संभावना न हो कि दायित्व का निपटान करने के लिए संसाधनों के बहिर्वाह की जरूरत होगी, प्रावधान प्रतिवर्तित किया जाता है. आकस्मिक आस्तियों को वित्तीय विवरणों में नहीं दर्शाया जाता है. तथापि, आकस्मिक आस्तियों का निरंतर मूल्यांकन किया जाता है और यदि वास्तव में यह निश्चित हो कि कोई आर्थिक लाभ होने वाला है तो आस्ति तथा संबंधित आय को उस अवधि में दर्शाया जाता है जिसमें बदलाव होता है.

G. In case of IDBI MF Trustee Company Ltd, The Company created a provision when there is a present obligation as a result of a past event that probably requires an outflow of resources and a reliable estimate can be made of the amount of the obligation. A disclosure for a contingent liability is made when there is a possible obligation or a present obligation that may, but probably will not, require an outflow of resources. When there is a possible obligation or a present obligation in respect of which the likelihood of outflow of resources is remote, no provision or disclosure is made. Provisions are reviewed at each balance sheet and adjusted to reflect the current best estimate. If it is no longer probable that the outflow of resources would be required to settle the obligation, the provision is reversed. Contingent assets are not recognized in the financial statements. However, contingent assets are assessed continually and if it is virtually certain that an economic benefit will arise, the asset and related income are recognized in the period in which the change occurs.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

अनुसूची 18: समेकित लेखा टिप्पणियां
SCHEDULE 18: NOTES TO CONSOLIDATED ACCOUNTS

1. अचल आस्तियां (एएस-10)
FIXED ASSETS(AS-10)

i. परिसर में ₹ 2177.16 करोड़ (₹ 1339.70 करोड़) की पट्टाधृत भूमि (पुनर्मूल्यित) शामिल है जिसका 31 मार्च 2016 को कारोबार समय की समाप्ति पर पुनर्मूल्यन किया गया. पुनर्मूल्यन के फलस्वरूप हुई ₹ 1129.05 करोड़ की निवल मूल्य वृद्धि को 31 मार्च 2016 को पुनर्मूल्यन रिज़र्व में जमा किया गया.

Premises include Leasehold Land (revalued) of ₹ 2177.16 crore (₹ 1339.70 crore) which was revalued at the end of business hours, on 31st March 2016. The net appreciation of ₹ 1129.05 crore arising on revaluation, was credited to Revaluation Reserve on March 31, 2016.

ii. बैंक ने यथा 31 मार्च 2016 को कारोबार समय की समाप्ति पर स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा किए गए मूल्यांकन के आधार पर अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली भूमि और आवासीय/ कार्यालय भवन का पुनर्मूल्यन किया है. पुनर्मूल्यन से उत्पन्न ₹ 2807.29 करोड़ की निवल मूल्य वृद्धि, जो ₹ 1202.71 करोड़ के निवल बही मूल्य और ₹ 4010 करोड़ की पुनर्मूल्यित राशि के बीच अंतर राशि है, को 31 मार्च 2016 को पुनर्मूल्यन रिज़र्व में जमा किया गया.

The Bank has revalued its Freehold Land & Residential/ Office building at the end of business hours, on 31st March 2016 based on valuations made by independent valuers. The net appreciation of ₹ 2807.29 crore arising on revaluation, being the difference between the net book value of ₹ 1202.71 crore and revalued amount of ₹ 4010 crore was credited to Revaluation Reserve on March 31, 2016.

iii. 31 मार्च 2016 को पुनर्मूल्यन रिज़र्व में शेष ₹ 5607.83 करोड़ (पिछले वर्ष ₹ 1662.85 करोड़) रहा.

The balance in revaluation reserve as at March 31, 2016 is ₹ 5607.83 crore (Previous year ₹ 1662.85 crore).

iv. मूल्यह्रास:

Depreciation :

आस्ति Asset	बैंक द्वारा अनुमानित उपयोगी जीवनकाल (वर्षों में Lives of assets estimated by Bank (in Years)
परिसर/ Premises	61.35
फर्नीचर और फ़िक्सचर/Furniture and fixtures	12
बिजली संस्थापना एवं मशीनरी/ Electrical installation and machinery	12
मोटर वाहन/Motor vehicles	5
कंप्यूटर (आंतरिक सॉफ्टवेयर सहित)/ Computers (including integral software)	3
स्वचालित टेलर मशीन/Automated Teller Machines	8
वी-सैट उपकरण/VSAT equipment	10
कर्मचारियों के पास टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुएं/ Consumer durables with employees	5

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

अचल आस्तियों का उपर्युक्त उपयोगी जीवनकाल कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के अंतर्गत निर्दिष्ट उपयोगी जीवनकाल से भिन्न है. प्रबंधन का विश्वास है कि किए गए आंतरिक मूल्यांकन तथा तकनीकी आकलन के आधार पर वर्तमान में मूल्यह्रास के प्रयोजन के लिए विचारार्थ अचल आस्तियों का उपयोगी जीवनकाल अचल आस्तियों के उपयोगी जीवनकाल और अवशिष्ट मूल्य के अनुमान को उचित रूप से दर्शाता है.

The above useful lives of fixed assets are different than those specified under schedule II of Companies Act 2013. The management believes that based on internal assessment and technical evaluation carried out, useful life of fixed assets currently considered for the purpose of depreciation fairly reflect its estimate of the useful lives and residual values of fixed assets.

आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लि. ने प्रभावी अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास के प्रावधान के लिए 1 अप्रैल 2014 से अपनी नीति में संशोधन किया है. कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के भाग सी के अनुसार सिफ़ारिश की गई उपयोगी जीवनकाल के अनुरूप अचल आस्तियों की अनुमानित उपयोगी जीवनकाल में परिवर्तन किया है. परिणामस्वरूप, ₹ 0.37 करोड़ (₹ 0.16 करोड़ के आस्थगित कर को घटाकर) की राशि उन आस्तियों के संबंध में सामान्य रिज़र्व के प्रारंभिक शेष में दर्शाई गई है जिनका शेष उपयोगी जीवनकाल 1 अप्रैल 2014 को शून्य है. शेष मूर्त आस्तियों के संबंध में कंपनी ने पूर्वव्यापी प्रभाव से मूल्यह्रास का प्रावधान करने की अपनी पद्धति को कंपनी अधिनियम, 1956 की अनुसूची XIV में निर्धारित दरों पर 'अवलिखित मूल्य पद्धति' के स्थान पर कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II में निर्दिष्ट किए अनुसार उनके अनुमानित उपयोगी जीवनकाल पर 'सीधी रेखा पद्धति' में बदल दिया है. तदनुसार, कंपनी ने लाभ-हानि विवरण में ₹ 2.44 करोड़ की राशि दर्शाई है जो पिछले वर्षों में लगाया गया अतिरिक्त मूल्यह्रास है जिसे 31-03-2015 के समाप्त वर्ष के लिए लाभ-हानि विवरण में 'असाधारण मद' के रूप में दर्शाया गया है. इसके फलस्वरूप 31-03-2015 को समाप्त वर्ष के लिए ₹ 0.68 करोड़ की राशि तक उच्चतर मूल्यह्रास लगाया गया है और इस सीमा तक लाभ कम है.

IDBI Capital Market Services Ltd has revised its policy for providing depreciation on fixed assets effective from April 1, 2014. The company has changed the estimated useful life of fixed assets in line with the recommended useful life as per Part C of Schedule II to the Companies Act, 2013. Consequently, an amount of ₹ 0.37 crore (net of deferred tax of ₹ 0.16 crore) had been charged to the opening balance of General Reserves in respect of assets whose useful remaining life is Nil as at April 1, 2014. In respect of remaining tangible assets, the Company had with retrospective effect changed its method of providing depreciation from the 'Written down Value' method, at the rates prescribed in Schedule XIV to the Companies Act, 1956 to 'Straight Line' method, over their estimated useful life as specified in Schedule II to Companies Act 2013. Accordingly, company has recognised an amount of ₹ 2.44 crore in Profit & Loss Statement being additional depreciation charged in the earlier years which has been shown as an 'Exceptional item' in the statement of profit and loss for the year ended 31-03-2015. This had resulted in higher depreciation charge for the year ended 31-03-2015 to the extent of ₹ 0.68 crore and the profit is lower to this extent.

आईडीबीआई इंटेक लि. 31 मार्च 2015 तक अवलिखित बही मूल्य (डब्ल्यूडीवी) पद्धति के अनुसार मूल्यह्रास का प्रावधान करता था. कंपनी अब से कंपनी अधिनियन, 2013 की अनुसूची II के अनुपालन में 1 अप्रैल 2015 'सीधी रेखा पद्धति' के अनुसार मूल्यह्रास का प्रावधान करती है जिससे आस्तियों का उनके उपयोगी जीवनकाल के दौरान मूल्यह्रास हो जाए. तदनुसार, इसमें ₹ 0.40 करोड़ के मूल्यह्रास का पूर्वव्यापी प्रभाव से पुनरांकन हुआ. इससे संचित मूल्यह्रास कम हुआ है और लाभ में ₹ 0.40 करोड़ की वृद्धि हुई है. 60% की दर से मूल्यह्रासित किए जाने वाले कंप्यूटरों को अब अनुसूची II के प्रावधानों के अनुसार मूल्यह्रासित किया जा रहा है. अचल आस्तियों में परिवर्धन/ विलोपन पर मूल्यह्रास ऐसे परिवर्धन/ विलोपन, जो भी मामला हो, की तारीख से/ तक आनुपातिक आधार पर किया जाता है. अमूर्त आस्तियों (कंप्यूटर सॉफ्टवेयर) को एएस-26 के अनुपालन में 5 वर्ष की अवधि के दौरान समान रूप से परिशोधित किया जाता है.

IDBI Intech Ltd. was providing as per WDV method upto 31st March 2015. The company now provides depreciation as per straight line method w.e.f from 1st April 2015, in compliance to Schedule II to the Companies Act, 2013, such that the assets are depreciated over their useful life. Accordingly there is a retrospective write back of depreciation

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

